वैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 300 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
28 अप्रैल 2025 सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
39 अधिकतम
26 न्यूनतम



Page-7

पहलगाम हमले के बाद भारत के **सख्त रूख** पर निगाहें, पाक दूसरे देशों से लगा रहा गुहार

# रक्षामंत्री व सेना चीफ के बीच मंत्रणा, पीएम संग लंबी बैठक, बड़ा एक्शन!




**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार लगातार पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाती जा रही है और पाक बौखलाया नजर आ रहा है तथा अरब व चीन जैसे दूसरे देशों से मदद की गुहार कर रहा है। वहीं अब कुछ बड़ा होने की चर्चा इसलिये भी तेजी से चलने लगी है क्योंकि आज सुबह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहले आर्मी चीफ से मुलाकात की कश्मीर में चल रहे सैन्य आपरेशन की जानकारी ली, यहां लंबी मंत्रणा के बाद राजनाथ सिंह प्रधानमंत्री आवास पहुंचे और वहां पीएम नरेंद्र मोदी से भी लंबी चर्चा की। माना जाता है कि राजनाथ ने पीएम को ताजा हालात के बारे में अपडेट दिया है तथा आगे की रणनीति पर भी चर्चा की है। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी के रुख पर निगाहें हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आज एक विशेष सत्र भी बुलाया गया है। दुनियाभर में यह चर्चा है कि कुछ बड़ा होने वाला है और भारत आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने जा रहा है। उधर दिल्ली से लेकर बॉर्डर तक हाईअलर्ट देखने को मिल रहा है। इस बीच आज सुबह सरकार ने 17 पाकिस्तान यू-ट्यूब चैनल्स पर भी बैन लगा दिया, इनमें डॉन न्यूज, समा टीवी और जिओ न्यूज समेत क्रिकेटर शोएब अख्तर शामिल हैं। कल पाक चैनल्स के सोशल मीडिया पेज बैन किए गए थे। सरकार का कहना है कि ये चैनल्स भारत और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ झूठी और भ्रामक खबरें चला रहे हैं। सरकार ने यह कार्रवाई गृह मंत्रालय की रिकमंडेशन के बाद की है। इस बीच, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 15 ठिकानों पर रेड की है। सूत्रों ने बताया कि ये रेड उन आतंकवादियों के ठिकानों पर की गई है, जो पीओके से ऑपरेट कर रहे हैं और इनके लिंक पहलगाम अटैक से जुड़े हैं। पाकिस्तानी फौज ने पहलगाम हमले के बाद लगातार चौथे दिन सीजफायर वॉयलेशन किया। देर रात और सोमवार तड़के पाकिस्तानी सेना ने एलओसी पर फायरिंग की। भारतीय सेना ने भी इसका जवाब दिया।


त्राल में ध्वस्त आतंकवादी का घर।

## हमले के पहले चीनी ड्रोन से रैकी


■ उधर पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकी हमले की जांच कर रही एनआईए ने कई तथ्य जुटाए हैं। खबरो के मुताबिक जांच में पाया गया है कि हमले से पहले आतंकियों ने रेकी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया था। एजेंसियों को शक है कि हथियारों की सप्लाई में भी चाइनीज ड्रोन का इस्तेमाल हो सकता है। हमले के बाद आतंकियों के पुलवामा या अनंतनाग भागने की आशंका है। हमले के बाद इन रास्तों पर हलचल देखी गई थी। ज्ञात हो कि हमले में 26 टूरिस्ट की मौत हो गई थी। तब से जम्मू-कश्मीर में अब तक दस आतंकवादियों के घरों को ब्लास्ट में उड़ा दिया गया है।

## इधर.... पाक से जुड़े 6 अवयस्को ने नहीं छोड़ा मप्र

**भोपाल।** पाकिस्तान से जुड़े 6 अवयस्कों ने मध्यप्रदेश नहीं छोड़ा है। इनके मां या इनके पिता, दो में से कोई एक पाकिस्तानी नागरिक है लेकिन इन्हीं के मां या पिता में से कोई एक मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। वहीं मेडिकल वीजा पर रह रहे सभी पाकिस्तान नागरिकों ने तय डेडलाइन 29 अप्रैल से दो दिन पहले मध्यप्रदेश छोड़ दिया है। अन्य श्रेणी के वीजा पर आए नागरिक भी बाहर हो गए हैं। वे नागरिक ही रह गए हैं जो लंबी अवधि, राजनायिक और आधिकारिक वीजा धारक हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 6 अवयस्क में से 4 इंदौर व 2 भोपाल के आसपास रहते हैं। इन्हें पाक भेजने में कानूनी रूप से अड़चनें आ रही है। जिसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय से मार्गदर्शन मांगा गया। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकी घटना के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया व डीजीपी कैलाश मकवाना को निर्देश दिए थे कि पाक नागरिकों को तय समय सीमा में बाहर करें।

थ्री इडियट्स से आया था **चर्चा में**

## 20 साल की कोशिश के बाद रेंचो के स्कूल को मिली सीबीएसई मान्यता



**लद्दाख, एजेंसी।**

बेहद ठंडे रेगिस्तानी इलाके में ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल को आखिरकार सीबीएसई की मान्यता मिल गई है। इसके लिये स्कूल ने पूरे 20 साल प्रयास किये। खास बात यह है कि यह स्कल चर्चित फिल्म 3 इडियट्स में रांचो स्कूल के नाम से दिखाया गया था। इस स्कूल की स्थापना को 20 साल से अधिक समय हो चुका है, लेकिन सीबीएसई से मान्यता पाने की लंबी प्रक्रिया के चलते यह स्कूल पहले जम्मू और कश्मीर बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन से संबद्ध था. स्कूल की प्रिंसिपल, मिंगुर एंगमो ने कहा है कि हमारे पास अच्छे बुनियादी ढांचे और बेहतरीन अकादमिक रिकॉर्ड होने के बावजूद, हम आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं प्राप्त कर पा रहे थे। अब सीबीएसई से मान्यता मिलने के बाद, ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल कक्षा 11 और 12 तक की पढ़ाई शुरू करने की योजना बना रहा है। स्कूल की स्थापना 24 साल पहले हुई थी,और इसका नाम प्रसिद्ध विद्वान मिफाम पेमा कार्पो के नाम पर रखा गया है। फिल्म 3 इडियट्स में इस स्कूल का एक दृश्य बहुत प्रसिद्ध हुआ था, जिसमें एक किरदार चतुर को एक दीवार पर पेशाब करने की कोशिश करते हुए झटका लगता है। इस घटना के बाद, स्कूल ने 2018 में उस दीवार को थोड़ा स्थानांतरित किया, ताकि छात्रों को अधिक शांति मिल सके और वे बिना किसी व्यवधान के अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

## पेरेंट्स पर टिप्पणी : अलाहबादिया मामले में सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियाज गॉट लेटेंट शो में पेरेंट्स पर अश्लील टिप्पणी कर फंसे रणवीर अलाहबादिया के मामले में आज सुप्रीम सुनवाई हो रही है। कुछ समय पहले एक याचिका दायर कर उन्होंने पासपोर्ट लौटाने की मांग की थी। कई शिकायतें दर्ज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर की याचिका पर उन्हें गिरफ्तारी से राहत दी थी। हालांकि शर्त अनुसार, उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करवाना पड़ा था। 14 फरवरी को रणवीर अलाहबादिया ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। याचिका में उनके वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने कोर्ट से कहा कि वो चाहते हैं कि सभी शिकायतों की सुनवाई एक ही जगह हो। दूसरा उन्हें इस मामले में गिरफ्तारी से राहत मिले



## सेंसेक्स ने दिखाई तूफानी तेजी, निफ्टी ने भी कदम मिलाए

**मुंबई, एजेंसी।** आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार में तेजी के साथ शुरुआत हुई। सेंसेक्स ओपन होने के साथ ही 400 अंकों की छलांग लगा गया और फिर कुछ ही देर में ये 650 अंक तक उछल गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी ने भी 60 अंकों की तेजी लेते हुए कारोबार की शुरुआत की। आज मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस का शेयर तूफानी तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। यह 3 फीसदी तक उछल गया है। इससे पहले आज सेंसेक्स ने अपने पिछले बंद 79,212.53 की तुलना में 79,343.63 पर शुरुआत की और कुछ ही देर में ये लंबी छलांग लगाते हुए 79,668.58 के लेवल पर कारोबार करता हुआ नजर आया।



## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली, जुटे नेता व कार्यकर्ता

**ग्वालियर, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में कांग्रेस ने आज से संविधान बचाओ रैलीअभियान शुरू किया है। आज ग्वालियर में सबसे पहले प्रदेशस्तरीय आयोजन के बाद जिलों तक इसका विस्तार होगो। ग्वालियर में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, सांसद अशोक सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल पहुंचे हैं। बताया जाता है कि कार्यक्रम के दौरान तेज गर्मी को देखते हुए पांच हजार लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां लगाई गई हैं, मैदान में बने डोम को एयरकूल्ड बनाने 40 से अधिक बड़े कूलर लगे हैं। रैली से पहले पटवारी और चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने देश को आजादी दिलाई, संविधान बनाने में भूमिका निभाई, इसलिए उसकी रक्षा करना भी कांग्रेस की जिम्मेदारी है। आज संविधान पर हमले हो रहे हैं, तो राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस इसका सबसे बड़ा संघर्ष कर रही है। गरीबों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है, जो साफ संकेत है कि संविधान खतरे में है।



## बिजली गिरने से 4 मौतें, 21 राज्यों में आंधी-पानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरप्रदेश और बिहार में बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक बच्ची और फतेहपुर में किसान की मौत हुई। वहीं, बिहार के पटना और हाजीपुर में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। मौसम विभाग ने आज भी देश के 21 राज्यों में तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की है। वहीं, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली में हीटवेव का अलर्ट है। राजस्थान में लगातार दूसरे दिन तापमान में बढ़ोतरी होगी। बाड़मेर में सबसे ज्यादा तापमान 46.1 डिग्री तक तापमान दर्ज किया जा रहा है। इधर, दिल्ली में तापमान में थोड़ी गिरावट आई, मप्र में भी भोपाल समेत कुछ जिलों मे तापमान में मामूली कमी आई है। जबकि सिक्किम में अचानक बर्फबारी के बाद त्सोंगू और थेगू के बीच 200 से ज्यादा बर्फ में फंसी गाड़ियां निकाली गई हैं।



## आबकारी उपायुक्त के ठिकानों पर अब ईडी की छापेमारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज मप्र के आबकारी विभाग के उपायुक्त आलोक खरे के भोपाल और रीवा के ठिकानों पर छापेमारी की है। भोपाल में खरे के साथ आबकारी विभाग के एक और अधिकारी के यहां भी सर्चिंग की सूचना है। यह कार्रवाई विभाग के फर्जी एफडी मामले से भी जुड़ी बताई जा रही है। हालांकि ईडी की ओर से अधिकृत तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। बताते हैं कि ईडी ने यह कार्रवाई लोकायुक्त छापे के आधार पर शुरू की है। लोकायुक्त पुलिस ने छह साल पहले आलोक खरे के सात ठिकानों पर छापेमारी की थी। इनमें भोपाल में दो, इंदौर में दो, रायसेन में दो और छतरपुर में एक जगह शामिल थी। तब जांच में करीब 100 करोड़ से अधिक की संपति का खुलासा हुआ था। लोकायुक्त की जांच में इंदौर के पॉश इलाके में एक पैंट हाउस और एक बंगला पता चला था। भोपाल के चूनाभट्टी और बाग मुंगालिया में दो बड़े बंगले और कोलार में फार्म हाउस की जमीन है। रायसेन में दो फार्म हाउस हैं। खरे की छतरपुर में भी संपत्ति है। छतरपुर आवास से विदेशी मुद्रा भी मिली थी। खरे का भोपाल में मकान गार्डन सिटी जाटखेड़ी पर है।



## नक्सलियों के मुख्य ठिकाने तक पहुंचे सुरक्षाबल

**जगदलपुर, एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने आज भी माओवादियों के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई को जारी रखा है। खबरें हैं कि अब बीजापुर में तेलंगाना सीमा पर चल रहे इस अभियान में सुरक्षा बल के जवान करेंगुट्टा पहाड़ की 12 किमी की खड़ी चढ़ाई चढ़कर माओवादियों के सबसे सुरक्षित ठिकाने तक जा पहुंचे हैं। पहाड़ी से माओवादियों के डंप सामान, बंकर और आईईडी मिलने की बात सामने आ रही है। पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने अभियान के दूसरे दिन तीन माओवादियों को ढेर करने की बात कही थी। इसके बाद से पुलिस की ओर से कोई भी अधिकृत जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस का कहना है कि अभियान पूरा होने के बाद ही विस्तृत जानकारी दी जाएगी।



## आज का कार्टून




**मेट्रो एंकर**

फ्रांस के साथ करीब 63,000 करोड़ रुपए की डील

# सबसे बड़ी डील आज... परमाणु बम दागने की क्षमता वाले राफेल मरीन विमानों को फिर खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आज भारत और फ्रांस के साथ 26 राफेल मरीन विमानों की डील साइन हो रही है। करीब छह वर्ष पहले राफेल एक बडा सियासी मुद्दा भी बना था। आज दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच यह डील साइन की जाएगी। डील के तहत भारत, फ्रांस से 22 सिंगल सीटर विमान और 4 डबल सीटर विमान खरीदेगा। ये विमान परमाणु बम दागने की क्षमता से लैस होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रांस के साथ ये डील करीब 63,000 करोड़ रुपए में हो रही है। हथियारों की खरीद के मामले में यह फ्रांस के साथ भारत की अब तक की सबसे बड़ी डील है। इन विमानों की खरीद को 23 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक में मंजूरी मिली थी। यह मीटिंग पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बुलाई गई थी। भारत राफेल मरीन विमानों को आईएनएस विक्रांत पर तैनात करेगा। विमान बनाने वाली कंपनी दसॉ एविएशन ने इन विमानों में भारत की जरूरत के हिसाब से कई बदलाव किए हैं। इसमें एंटी शिप स्ट्राइक, न्यूक्लियर हथियार लॉन्च करने की क्षमता और 10 घंटे तक फ्लाइट रिकॉर्ड करने जैसे फीचर शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी भारत को हथियार प्रणाली, स्पेयर पार्ट्स और एयरक्राफ्ट के जरूरी टूल्स भी देगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन विमानों की डिलीवरी 2028-29 में शुरू होगी और 2031-32 तक सभी विमान भारत पहुंच जाएंगे।



### सियासी विवादों का इतिहास

उल्लेखनीय है कि इससे पहले के 36 राफेल लड़ाकू विमानों के सौदे पर कांग्रेस ने लगातार केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश की थी। उसका आरोप था कि यूपीए सरकार में कम कीमत में डील की गई थी लेकिन एनडीए सरकार ने महंगी डील की और इसमें घोटाला हुआ है। वहीं, मोदी सरकार का दावा था कि डील महंगी नहीं है। इसकी लागत में राफेल में तैनात होने वाली मिसाइलों की कीमत भी शामिल है। तब यह सौदा 7.8 करोड़ यूरो (करीब 58,000 करोड़ रुपए) में फाइनल हुआ था। ऐसे में माना जा रहा है कि भारत को यह विमान सस्ता पड़ रहा है।

जहां सर्विस रोड हैं वह अवैध कब्जों के कारण किसी काम की नहीं रहीं

# सर्विस रोड को निगल रही अनदेखी, मुख्य सड़कों पर रोज अफरातफरी के नजारे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में आलम यह है कि यहां सर्विस रोड नहीं होने से यातायात में भारी अव्यवस्था पैदा हो रही हैं। कई सर्विस रोड तो गायब हो गई हैं। हाल में नवनिर्मित आंबेडकर फ्लाईओवर पर ट्रैफिक शुरू होने के बाद अब आरकेएमपी स्टेशन के बाहर लगातार ट्रैफिक जाम के हालात बन रहे हैं। वजह यह है कि इस इलाके में बदली हुई व्यवस्था में आरकेएमपी से बाहर आने वाले वाहनों को सर्विस रोड का इस्तेमाल कर मेन रोड पर आना है, लेकिन सर्विस रोड पर अतिक्रमण है। लिहाजा, वाहन रॉन्ग साइड से मेन रोड पर आ रहे हैं और किसी भी दिन किसी बड़ी दुर्घटना का अंदेशा पैदा हो रहा है। रकेएमपी के सामने यह सर्विस रोड मेट्रो और फ्लाईओवर प्रोजेक्ट के दौरान ही बनी है। हालांकि यह अकेली सर्विस रोड नहीं, जिस पर कब्जा हो। दरअसल, जानकारों का मानना है कि करीब सात सौ किमी की सर्विस रोड की जरूरत है। लेकिन उपलब्ध सिर्फ दो सौ किमी की सडक ही है। इसमें भी आधी सडको पर तो कब्जा है। इससे शहर के हर इलाके में यातायात अव्यवस्था है। उधर बीआरटीएस के समय आरकेएमपी से बोर्ड ऑफिस होते अपेक्स बैंक तक सर्विस रोड बनाने की घोषणा हुई थी। इसमें आरकेएमपी से बोर्ड ऑफिस तक की सर्विस रोड बनी और वह पूरी ही कब्जे में है। बोर्ड ऑफिस से अपेक्स बैंक और मोटल शिराज से सांची कॉम्प्लेक्स तक रोड तो बनी हुई है, लेकिन वाहनों की पार्किंग हो रही है और फुटकर सामानों के ठेले लगे हैं। इसके आगे सर्विस रोड गायब हो गई है।

## कई इलाकों में सर्विस रोड की सख्त जरुरत

मिसरोद तक पूरी सर्विस रोड पर अतिक्रमण है। ठेलों के साथ कार शोरूम, मैरिज गार्डन अस्पताल, रेस्त्रां ने रोड पर पार्किंग बना ली है। दर्जभर मैरिज गार्डन बने हैं। हर बारात सर्विस रोड पर निकलती है और यातायाता को अवरुध्द् कर देती है। इसी तरह चूना भट्टी से कोलार के अंतिम छोर तक बनी सिक्सलेन की सर्विस रोड के ज्यादातर हिस्से पर या तो पार्किंग है या ठेले- गुमठी आदि के कब्जे हैं। गुलमोहर. त्रिलंगा और 12 नंबर बस स्टॉप वाले इलाके में तीनों मेन रोड पर सर्विस रोड होना चाहिए। शाहपुरा में बंसल अस्पताल के सामने पूरी सर्विस रोड पर वाहन पार्किंग हो रही है। इसके आगे बढ़ने पर सर्विस रोड पर गेट लगाकर उसे बंद कर लिया गया है। अप्सरा टॉकीज के सामने वाली सर्विस रोड पर दुकानों का सामान, कंस्ट्रक्शन मटेरियल और गाड़ियां खड़ी रहती हैं। मेन रोड पर मेट्रो के काम के कारण बैरिकेड लगाए गए हैं। ऐसे में रोज जाम लगता है। जबकि अशोका गार्डन 80 फीट रोड इलाके में सड़क के किनारे रिहायशी मकानों के साथ दुकानें हैं। सर्विस रोड की दरकार कहां बताया जाता है कि जो सड़कें 80 फीट या अधिक चौड़ी हैं उनके दोनों ओर सर्विस रोड बनाई जाना चाहिए। 80 फीट से कम चौड़ी सड़कों के किनारे भी यदि कॉलोनी या मकान बने हैं तो सर्विस रोड बनाई जाना चाहिए। हालांकि नगर निगम का तर्क है कि सर्विस रोड पर अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर लगातार कार्रवाई की जाती है परेशानी को देखते हुए कार्रवाई को और बढाया जाएगा। जिन स्थानों पर पक्के कब्जे हैं, उन्हें हटाने के लिए अभियान चलेगा।

# 29 से नर्सिंग परीक्षाएं होंगी शुरू 36 कॉलेज शामिल नहीं हो सकेंगे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आगामी 29 अप्रैल से शैक्षणिक सत्र 2022-23 की नर्सिंग परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इस परीक्षा में 36 कॉलेज शामिल नहीं हो सकेंगे। ऐसे में परीक्षा शुरू होने से पहले मप्र नर्सिंग काउंसिल ने एक सूची जारी की है, जिसमें 36 कॉलेजों के नाम है। सूची में शामिल कॉलेजों के छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। नर्सिंग काउंसिल ने यह सूचना कॉलेजों न को भी भेज दी है। जानकारी अनुसार जिन 36 कॉलेजों को परीक्षा में शामिल नहीं किया जा रहा है, उनमें 28 कॉलेज सीबीआई की जांच रिपोर्ट में अनसूटेबल पाए गए हैं और शेष 8 कॉलेजों के पास क्लीनिकल बिल का सत्यापन नहीं है। इससे उन्हें परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया है। हालांकि परीक्षा शुरू होने से पहले जो कॉलेज भी सोमवार तक क्लीनिक बिल जमा कर देंगे, उन्हें परीक्षा में शामिल कर लिया जाएगा।

## बीयू: बीए, बीकॉम, बीएससी के लिए विलंब शुल्क के साथ 6 मई तक आवेदन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) द्वारा सत्र 2024-25 के लिए परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया है। जिसमें बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए सहित अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों के चतुर्थ वर्ष की परीक्षा का आयोजन पहली बार किया जाएगा। विद्यार्थी एक मई तक तक बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फार्म भर सकेंगे। 25 अप्रैल तक आवेदन करने की अंतिम तिथि थी। छह मई तक 300 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन होंगे।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर उच्च शिक्षा विभाग की शुरू की तैयारियां

# कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया मई के दूसरे सप्ताह में होगी शुरू, 5 मई तक करनी होगी प्रोफाइल अपडेट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी व निजी कॉलेजों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों का इंतजार अब जल्द ही खत्म होगी। उच्च शिक्षा विभाग 15 मई से कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू करेगा। प्रदेश के 1300 से अधिक निजी-सरकारी कॉलेजों में इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार प्रोफेसरों को कॉलेज चलो अभियान में लगाया गया है। इसके तहत एक प्रोफेसर को आसपास के पांच स्कूलों में भ्रमण करना है। इधर सभी कॉलेजों को पांच मई तक प्रोफाइल सत्यापन करने का समय निर्धारित किया है। कालेजों को पांच मई तक विभागीय प्रवेश पोर्टल के माध्यम से अपनी प्रोफाइल अपडेट करने की कार्यवाही पूरी करनी होगी। संचालनालय की ओर से सात मई और विश्वविद्यालयों की ओर से नौ मई तक ऑनलाइन सत्यापन करना है।

### इस बार दूसरी एजेंसी को जिम्मेदारी

इस बार ऑनलाइन आवेदन के लिए एमपी ऑनलाइन के बदले दूसरी एजेंसी को जिम्मेदारी दी गई है। नई व्यवस्था के अंतर्गत हर कॉलेज कैंपस और हायर सेकंडरी स्कूलों में एजेंसी रजिस्ट्रेशन डेस्क या कियोस्क शुरू करेगी। इस बार स्कूलों से ही कॉलेज में प्रवेश ले सकेंगे। इसके लिए कोई अतिरिक्त राशि विभाग को नहीं चुकानी होगी। इसके लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया जाएगा। विभाग ने ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए नई आउटसोर्सिंग एजेंसी एसआरआइटी बेंगलुरु को जिम्मेदारी सौंपी है।



## आरजीपीवी का 12वां दीक्षांत समारोह 16 मई को

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह 16 मई को भोपाल स्थित रविन्द्र भवन के हंसध्वनी सभागार में संपन्न होगा। इस अवसर पर दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मंगू भाई पटेल करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक, डीआरडीओ के पूर्व डायरेक्टर जनरल पद्मश्री डॉ.वी.के.सारस्वत एवं विशिष्ट अतिथि मप्र शासन के तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इन्दर सिंह परमार होंगें। दीक्षांत समारोह मे विगत तीन शैक्षणिक सत्रों के 2020, 2021 एवं 2022 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगें। जिनकी संख्या 170 होगी। साथ ही जनवरी 2020 से दिसंबर 2023 तक विश्वविद्यालय से पीएचडी पूर्ण कर चुके लगभग 150 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी। शीघ्र ही विश्वविद्यालय के पोर्टल पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक द्वारा रजिस्ट्रेशन की लिंक उपलब्ध करायी जाएगी।

## चुनाव



सेंट्रल बैंक की एससी -एसटी,ओबीसी इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव गत दिवस संपन्न हुए। इसमें रंजीत कुमार को महासचिव चुना गया।

# लापता युवती का रेलवे ट्रैक के पास मिला शव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** रायसेन जिले में रहने वाली 19 साल की युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह उसका शव मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित शीतल हाइट्स के पास रेलवे ट्रेक पर मिला है। पुलिस का कहना है कि युवती की मौत ट्रेन से टकराने से हुई है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से ग्राम निहारपुर खुर्द जिला रायसेन निवासी संध्या गौड़ (19) मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। परिजन उसे इलाज के लिए गांव से रायसेन स्थित अस्पताल लेकर आए थे। इस बीच युवती अचानक वह रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। उसे परिजन उसे ढूंढते रहे और पुलिस से भी शिकायत की। इस बीच रविवार सुबह शीतल हाइट्स के पीछे मिसरोद इलाके में संध्या का शव रेलवे ट्रेन के पास पड़ा मिला। पुलिस के मुताबिक चोट देखकर प्रतीत हो रहा है कि मौत ट्रेन से टकराने से हुई है। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवती रायसेन से भोपाल के रेलवे ट्रेक तक कैसे पहुंची। उसने आत्महत्या की है या दुर्घटनावश ट्रेन की चपेट में आई है।



मंडली के साथ आए स्वामी, संतनगर में सत्संग सभा

# प्रभु से मांगना है तो सतगुरू की भक्ति मांगनी चाहिए-भगत प्रकाश

**दोपहर मेट्रो, हिरदाराम नगर।**

श्री प्रेम प्रकाश मण्डलाध्यक्ष स्वामी भगतप्रकाश जी महाराज (अमरापुर) अपनी संत मंडली के साथ संतनगर आए। उनके साथ मंडली के लालूराम, डालूराम, लालचन्द, हरीओम, कमलसाई, लक्की साई का भी आगमन हुआ। स्वामी भगत प्रकाश ने प्रेम प्रकाश कॉलोनी स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम में सत्संग सभा में कहा कि जहाँ सुमति, तहं संपति नाना, जहाँ कुमति तहं विपति निदाना अर्थात सुमति के पीछे सभी सुख समाएं होते है जिस मनुष्य के पास अच्छी बुद्धि है अच्छे विचार है भले ही उसके पास धन दौलत ज्यादा ना हो भले दुनिया के साथी उनका साथ न दे फिर भी उसका बेड़ा इस संसार से सुखी सुखी पार हो जाएगा। और जिसके पास धन के अंभार हो लेकिन मन के ख्याल अच्छे न हो उसको दुख की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि यह सतगुरू की पावन दरबार है यहाँ मांगने की चीजे तो बहुत है लेकिन अगर मांगना है तो हमें सतगुरू की पावन भक्ति मांगनी चाहिए उनकी सेवा और सिमरन मांगना चाहिए, जो भी ग्रंथ है उनका उद्देश्य है मन को समझाना, मन को भक्ति की ओर लगाना। सत्संग कार्यक्रम में कार्यक्रम के प्रवक्ता बसंत चेलानी एवं आश्रम के सेवाधारी सतीश टहिलयानी भगवानदास वीधानी, नारायणदास लालवानी, राजकुमार झमटानी, अर्जुन बेलानी, सतीश धर्मानी, कन्हैयालाल शीतलानी, दयालदास चंगलानी, विष्णु गेहानी, हरीश मोटवानी, मोहन भूरानी, महेश प्रियानी, लक्ष्मण बेलानी, रामचंद रायचंदानी, गिरधारी झमटानी, लक्ष्मण लालवानी, कन्हैयालाल, मनोहर वासवानी, किशनचन्द तथा प्रेम प्रकाश आश्रम के सेवाधारी मौजूद रहे।



आतंकवाद का विरोध करने एकजुटता दिखाई

# भाजपाइयों ने महिला शक्ति के साथ सुनी पीएम की मन की बात



**दोपहर मेट्रो, हिरदाराम नगर।**

गुरुनानक मंडल ने महिला शक्ति के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 121वें प्रसारण को सुना। इस दौरान, महिला शक्ति ने हाथों में तिरंगा लहराकर और आतंकवाद मुर्दाबाद लिखी तख्तियों के साथ अपना विरोध प्रदर्शित करते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई। मंडल के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक विचार विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करते हैं। मन की बात कार्यक्रम न केवल प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि यह हमें राष्टहित और राष्ट सुरक्षा के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए भी प्रेरित करता है। मन की बात कार्यक्रम में महेश मकवाना, भगवानदास ढालिया, सुनील सराठे, मुकेश सोलंकी, नरेंद्र ठाकुर, संदीप कल्याणे, अतुल घेघट, प्रभात मालवीय, सुकांति ठकुरिया, राजकुमारी डागोर, लक्ष्मी महाजन, कुसुम हिरवे, सुरिया बाजी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

मेट्रो एंकर | सिंधु भवन ट्रस्ट चेट्री चंडु महोत्सव एवं सम्मान समारोह

# विधायक ने मुख्यमंत्री के सामने उठाईं समाज की समस्याएं

**दोपहर मेट्रो, हिरदाराम नगर।**

मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट ने चेट्री चंडु महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। अध्यक्षता विधायक भगवान दास सबनानी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक तरीके से हुई। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत एवं अभिनंदन किया ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र मनवानी ने ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। सबनानी ने मुख्यमंत्री के सामने सिंधी समाज से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। उन्होंने सिंधी समाज के विभाजन के पश्चात भूमि के लंबित पट्टों एवं मालिकाना हक की जटिल समस्या के शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सिंधी समाज के शूरवीरों की प्रतिमाएं उन क्षेत्रों में स्थापित करने का आग्रह किया जहां सिंधी समुदाय की आबादी अधिक है। सबनानी ने सिंधी साहित्य अकादमी के बजट में पर्याप्त वृद्धि करने तथा सिंधी संग्रहालय की स्थापना करने की भी मांग की।




### समस्याओं का निराकरण होगा

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सिंधु घाटी की प्राचीन सभ्यता को अत्यंत गौरवशाली बताते हुए कहा कि सिंधी समाज के महान सम्राट दाहिरसेन के अद्वितीय त्याग एवं बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने सिंधी समाज की समस्याओं को लेकर शीघ्र ही एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाए जाने और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण का भरोसा दिलाया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ

चेट्री चंडु महोत्सव एवं सम्मान समारोह की सांस्कृतिक संध्या दिल्ली की सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली एवं कोटा के ख्यातिलब्ध गायक श्री गिरीश कृपलानी एवं उनके साथी कलाकारों ने सिंधी गीत संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन कविता इसरानी द्वारा किया गया।

### 7 हजार 502 खदानों की जियो टेगिंग का काम पूरा

# दावा- खनिज खदानों से अवैध खनन रोकेगा एआई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

लगातार सामने आ रही अवैध खनन की घटनाओं के बीच विभाग की ओर से अब दावे किए हैं कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ऑर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस (एआई) की मदद ली जाएगी। ड्रोन सर्वे भी कराए जाएंगे। परिवहन व भंडारण रोकने में भी इस नई व्यवस्था की मदद ली जाएगी। निगरानी के लिए 41 चेक गेट बना दिए है, 7 हजार 502 खदानों की जियो टेकिंग कर उनकी सीमा चिन्हित कर ली है। अब रिकार्ड पूरा ऑनलाइन हो गया है। जिसके आधार पर सैटेलाइट इमेज एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता से अवैध उत्खनन व भंडारण को रोका जाएगा।

## जिला प्रशासन को मिलेंगे अलर्ट मैसेज

खदान क्षेत्र के बाहर हो रहे अवैध उत्खनन का पता लगाने सैटेलाइट इमेजेस का विश्लेषण कर सिस्टम द्वारा राज्य एवं जिला प्रशासन को अलर्ट मिलेगा। क्षेत्रीय अमले द्वारा मोबाइल एप से परीक्षण एवं निरीक्षण कर पोर्टल अथवा मोबाइल एप पर रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर खदान या उसके बाहर ड्रोन सर्वे कर वॉल्युमेट्रिक एनालिसिस से वास्तविक उत्खनित मात्रा का पता लगाई जाएगी, इसके आधार पर गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जुर्माना वसूला जाएगा। नवीन तकनीक एआई पर आधारित मानव-रहित चेक-गेट पूरे प्रदेश में स्थापित होंगे। चेक-गेट स्थापित करने के लिए टेण्डर के माध्यम से रेल टेल कॉर्पोरेशन को सर्विस प्रोवाइडर बनाया है। पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में भोपाल के आस-पास 4 स्थानों पर ई-चेकगेट बना दिए। निगरानी के लिये राज्य स्तर पर भोपाल में कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर है। जिला स्तर पर भोपाल एवं रायसेन में जिला स्तरीय कमाण्ड सेंटर बनाया। ई-चेकगेट में वेरीफोकल कैमरा, आरएफआईडी रीडर, ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रीडर की सहायता से खनिज परिवहन में संलग्न वाहन की जांच होगी।



## निगरानी के लिए यह व्यवस्था भी बनाई

- खनिज विभाग की गतिविधियों को ऑनलाइन करने के लिए एनआईसी द्वारा वेब पोर्टल (ई-खनिज) बनाया है जिसे परिवहन विभाग के पोर्टल के साथ लिंक किया है।
- पट्टेदार/ट्रांसपोर्टर खनिज परिवहन करने के लिए ऑनलाइन वाहनों का रजिस्ट्रेशन ई-खनिज पोर्टल पर कर सकेंगे।
- डिजिटल इण्डिया तहत विभाग द्वारा ई-खनिज पोर्टल से खनिजों के परिवहन के लिए ऑनलाइन परिवहन पारपत्र (ई-टीपी) की सेवाओं को लागू किया है।
- कोई भी पट्टेदार रॉयल्टी एवं अन्य राशि का भुगतान करने के बाद ई-टीपी प्राप्त कर सकता है। खनिजों के परिवहन में संलग्न वाहनों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का प्रावधान है।
- 55 जिलों में ई-खनिज पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ई-टीपी सेवाओं को लागू किया जा चुका है।

### भोपाल, इंदौर और उज्जैन में तेजी से विकसित होंगे आईटी पार्क

# एमपी टेक ग्रोथ: मप्र को मिले 20 हजार करोड़ रु. के निवेश प्रस्ताव

**सीएम ने कहा- हमने सरकार गठन के बाद तुरंत उद्योग और रोजगार की तरफ ध्यान दिया**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र सरकार को बीती रात इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव को मिले प्रतिसाद से उम्मीदें बंध गई हैं। इसमें आईटी सेक्टर के लिए 4 पॉलिसियां जारी की गई। सीएम मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को इस कॉन्क्लेव में 20 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इससे 75 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा। भोपाल में इलेक्ट्रॉनिक पार्क और इंदौर में आईटी टावर बनाया जाएगा। सीएम ने कहा कि हमने सरकार गठन के बाद तुरंत उद्योग और रोजगार की तरफ ध्यान दिया। हम छोटे-छोटे स्थान पर भी उद्योगपति को ले गए। हमारे पास जमीन कम पड़ रही है। प्रोजेक्ट मांगने वाले ज्यादा आ रहे हैं। प्रदेश में आज की स्थिति में 6 आईटी पार्क हैं। हमने 18 नीतियां लोकार्पित की थीं। पूरी दुनिया के निवेशक यहां आ रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री यादव ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सेंटर इंदौर (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर), कास्ट एनेक्स, जबलपुर आईटी पार्क ब्लॉक बी, वॉर्की टेक पार्क, इंदौर का लोकार्पण किया। वहीं, उद्योगपति दीपेंद्र मिस्त्री, पारितोष मंगल, मनोज मोदी, अनिरुद्ध केला, नितिन अग्रवाल, रोहन श्रीवास्तव, अर्पित कंथाली, सुनीता तांबोली को लेटर ऑफ अलॉटमेंट प्रदान किए।




## प्रौद्योगिकी विभाग की 4 पॉलिसी गाइडलाइन जारी

इस मौके पर बड़वाई आईटी पार्क और पंचशील आईटी पार्क और दृष्टि आईआईटीआई इंदौर का भूमिपूजन भी किया साथ ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की 4 पॉलिसी गाइडलाइन जारी की गई है बता दें, आयोजित कार्यक्रम में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, NVIDI जैसी बिग-टेक कंपनियों सहित 300 से अधिक तकनीकी विशेषज्ञ, उद्योगपति, नीति निर्माता और निवेशक शामिल हुए।

## उद्योपतियों से वन-ऑन-वन मीटिंग्स

कॉन्क्लेव के बाद मुख्यमंत्री यादव ने विभिन्न उद्योपतियों औ निवेशकों से वन ऑन वन चर्चा की। उन्होंने कहा हम निवेशकों के विश्वास को मजबूती देंगे, नई नीतियां लागू करेंगे, आधारभूत संरचना को और सशक्त करेंगे। नई जीसीसी नीति 2025, सेमीकंडक्टर नीति 2025, एवीजीसी एक्सआर नीति 2025 और ड्रोन प्रोत्साहन और उपयोग नीति के द्वारा इन क्षेत्रों में निवेशकों को आवश्यक मदद प्रदान करने के प्रावधान है। राज्य सरकार, उद्योगपतियों और निवेशकों को एक इकोसिस्टम प्रदान करेगी। निवेशकों को सहयोग देने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को विश्व स्तरीय बनाया जा रहा है। राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत विजन-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्य प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाएं गिनाईं और कहा कि दो माह पहले हुई ग्लोबल इन्वेस्टमेंट के नतीजे अच्छे मिले हैं।

### प्रदेश हाईकमान के सामने पेश हुईं सागर महापौर

# रिवर्ट होंगे प्रदेश भाजपा की बगैर सहमति लिए निर्णय सागर से होगी शुरूआत

**» प्रदेश नेतृत्व को बिना सूचना दिए सागर में महापौर परिषद का किया था पुनर्गठन**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश भाजपा संगठन की सहमति से लिए सभी निर्णय रिवर्ट होंगे। चाहे वह महापौर परिषद के पुनर्गठन के हो या किसी भी तरह के अन्य मामले हो, यह बात सभी पर लागू होगी। सागर से इसकी शुरुआत होगी। यहां महापौर परिषद का पुनर्गठन हुआ था, जिसे रद्द किया जाकर नए सिरे से गठन होगा। यह पुनर्गठन बगैर भाजपा प्रदेश हाईकमान की सहमति से किया था जिस पर आपत्ति के बाद महापौर संगीता तिवारी को भाजपा ने नोटिस थमा दिया था, वे जवाब देने के लिए रविवार प्रदेश संगठन के सामने पेश हुई, जहां उनकी बात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा व अन्य से हुईं। उन्होंने दलीलें दीं, माफी भी मांगी, संगठन ने माफ भी कर दिया। लेकिन कहा कि पार्टी लाइन को क्रॉस नहीं करना है, क्योंकि अच्छा संदेश नहीं जाता, सभी को मिलकर आगे बढ़ना होगा।

**महापौर परिषद में यह किया था बदलाव-** महापौर परिषद से पार्षद एवं वरिष्ठ सदस्य आशारानी जैन की जगह पार्षद शैलेंद्र ठाकुर को शामिल कर लिया था। इस पर एक पक्ष ने आपत्ति ले ली थी, मामला जब प्रदेश हाईकमान तक पहुंचा था। महापौर संगीता तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष को इसकी वजह पार्षद आशारानी जैन का उम्रदराज होना, निरीक्षण व बैठकों में शामिल नहीं होना, पूछने पर स्वास्थ्य कारण का हवाला देना बताया था जिसे देखते हुए जनसंघ के समय से अनुभवी व मौजूदा पार्षद शैलेंद्र ठाकुर को उनकी जगह दी। मुझे यह बात ज्ञात नहीं थी कि इस तरह के बदलाव के लिए प्रदेश नेतृत्व की अनुमति लेनी पड़ती है। यह भी बताया कि जिस दिन बुलाया था, उस दिन 800 किलोमीटर दूर थी, रिश्तेदारों के घर गई थी।




## वरिष्ठों से सलाह लेकर करें बड़े निर्णय

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने महापौर से कई बिंदुओं पर बात की। दो टूक कहा कि पार्टी गाइडलाइन न लांघे, यही हम सबके लिए ठीक होगा। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश अध्यक्ष व अन्य ने यह भी कहा कि भाजपा बड़ी पार्टी है, यदि कमियां स्वयं के स्तर पर दिखाई देगी तो नीचे के स्तर पर बुरा असर पड़ना स्वभाविक है आगे जो भी करना हो, करें लेकिन एक बार पार्टी को अवगत करा दें।

## सीएम, प्रदेश अध्यक्ष लगा चुके फटकार

इसके पहले शनिवार को सीएम डॉ. मोहन यादव व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पार्टी लाइन क्रॉस कर बार- बार अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा करने वाले विधायक प्रीतम लोधी व प्रदीप पटेल समेत अनुशासनहीन भाजपा नेताओं की क्लास ली और उनका पक्ष सुना था।

### पटवारी ने लिखा डीजीपी को पत्र -आदेश वापस लें

## सलामी विवाद- कांग्रेस-भाजपा ने गिनाए विधायकों पर दर्ज प्रकरण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पुलिस की ओर से सांसद-विधायकों को सलामी देने के डीजीपी के आदेश को लेकर प्रदेश में राजनीति भी जारी है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने डीजीपी कैलाश मकवाना को पत्र लिखकर आदेश वापस लेने का आग्रह किया। पत्र में पटवारी ने लिखा है कि मप्र में भाजपा के 29 में से 9 सांसद और 163 में से 51 विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कुल मिलाकर भाजपा के 31त्न सांसद-विधायक आपराधिक प्रकरणों में लिप्त हैं। इनमें से 16 यानी 10% पर गंभीर प्रवृत्ति के अपराध, जैसे हत्या, बलात्कार, डकैती और अपहरण के केस चल रहे हैं। मोहन सरकार के 31 में से 12 मंत्री भी आपराधिक मुकदमों का सामना कर रहे हैं। यदि पुलिसकर्मी इन्हें सलामी देंगे तो उनकी निष्पक्षता और स्वतंत्रता पर सवाल उठेंगे।



पटवारी ने कहा है कि पुलिस का मूल काम अपराध रोकना और अपराधों की जांच करना है। ऐसे में आपराधिक पृष्ठभूमि के नेता को पुलिस द्वारा सलामी देने से न केवल जांच प्रभावित होगी, बल्कि पुलिसकर्मी दबाव में भी आ सकते हैं। पुलिस द्वारा ऐसे नेताओं को सलामी देने से समाज में भी गलत संदेश जाएगा। इससे पुलिस की विश्वसनीयता और गरिमा कम होगी। हालांकि इस पत्र पर भाजपा के संवाद प्रमुख आशीष अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि का सम्मान, जनता का सम्मान होता है। कांग्रेस के नेता राजशाही, सामंतवाद या परिवारवाद के सिद्धांतों पर विश्वास रखते हैं, इसलिए उनके लिए यह समझना कठिन हो सकता है। मप्र कांग्रेस के 66 विधायकों में से 38 (58%) पर आपराधिक केस हैं। इनमें से 17 विधायक (26%) गंभीर अपराधों में लिप्त हैं। कांग्रेस नेताओं द्वारा नैतिकता और संवैधानिक प्रक्रियाओं पर सवाल उठाना हास्यास्पद है।

### ई-केवायसी अनिवार्य, 30 अप्रैल तक जरूर कराएं

# ई-केवायसी ऐप से पात्र हितग्राही खुद कर सकते हैं ई-केवायसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राशन लेने वाले सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि 9 से 30 अप्रैल तक प्रदेश में ई-केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई लाभार्थी 30 अप्रैल तक अपनी ई-केवायसी पूरी नहीं कराते हैं, तो उसे मई महीने से राशन मिलने में असुविधा हो सकती है। मंत्री राजपूत ने कहा कि हितग्राही 30 अप्रैल तक ई-केवायसी जरूर करायें।



मंत्री राजपूत ने जानकारी दी कि लाभार्थियों की सुविधा के लिए मेरा ई-केवायसी नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी लाभार्थी, चाहे वह वृद्ध, दिव्यांग या सामान्य व्यक्ति हो, घर बैठे अपनी और अपने परिजनों की ई-केवायसी कर सकता है। इसके लिए लाभार्थियों को अपने आधार नंबर और ओटीपी की आवश्यकता होगी।

मंत्री राजपूत ने सभी राशन लाभार्थियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी और अपने परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवायसी पूरी करवा लें। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया समय पर पूरी करना बहुत जरूरी है ताकि मई से राशन वितरण में रुकावट नहीं आए।




## ई-केवायसी शिविरों का आयोजन

मंत्री राजपूत ने बताया कि राशन लेने वाले हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर जिले के गांव और वार्ड स्तर पर ई-केवायसी शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में पीओएस मशीन के जरिए हितग्राहियों की अंगूठा लगाकर ई-केवायसी की जा रही है। मंत्री राजपूत ने बताया कि यह शिविर सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन वितरण की प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी बनाने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं।

## बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए विशेष व्यवस्था

मंत्री राजपूत ने बताया कि बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। टीम घर-घर जाकर इन लोगों की ई-केवायसी कर रही है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।


## सुनहरे कल के लिये पानी बचाएं

भोपाल। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में स्वयं सेवी कार्यकर्ता और प्रशासनिक अमला संगठित होकर पानी बचाने के कार्य में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास कर रहे है। राज्य के जिलों में इसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे है। अभियान में प्राचीन धरोहर के तालाबों और बावड़ियों के संरक्षण का कार्य पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है।

**पीसीबी की सलाह: सूखे कुएं में उतरने से बचे**

## बहुत जरुरी हो तो जलता हुआ लालटेन डालकर देखें

**भोपाल।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सूखे कुएं में न उतरे। बहुत जरुरी होने पर उतरने से पहले जलता हुआ लालटेन डालकर देखें, यदि वह नहीं बुझता है तो उतर जाएं। बोर्ड के अधिकारियों का दावा है कि कई बार सूखे कुएं में हाइड्रोजन सल्फाइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड जैसी खतरनाक गैसें होती है, जिनके संपर्क में आने की वजह से बेहोशी, घुटन के कारण मौत तक हो सकती है। सीमित स्थान में ऑक्सीजन का स्तर कम होने से सांस लेने में तकलीफ और बेहोशी हो सकती है। दुर्घटना का शिकार होते हैं तो बचाव के लिए पुलिस, अग्निशमन दल, बचाव दल, जिला प्रशासन को सूचित करें।




## कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा जिला भोपाल

क्रमाँक/थाप्र./कोहे./डी - 19/25 दिनाँक 25/04/2025

### जाहिर सूचना

सूचित किया जाता है कि थाना कोहेफिजा भोपाल के गुम इंसान क्रमाँक 19/25 की गुमशुदा मुनिया बाई नायक पत्नी गोपीलाल उम्र 45 वर्ष निवासी मारूक मेंशन व्ही. आई. पी. रोड थाना कोहेफिजा भोपाल की तलाश हेतु जाहिर सूचना का समाचार पत्रो मे प्रकाशन किया जाना है। जिसका-हुलिया - हुलिया - **गोरा** चेहरा- **गोल** कद - **5 फिट 3 इंच करीबन** बदन - **दुबला पतला** पहनावा - **गुमशुदा के दाहिने हाथ पर गोदना बना हुआ है। जो काले रंग की साडी पहने है** अन्य पहचान व किसी प्रकार का गुदना चिन्ह, तिल - **दाहिने हाथ पर गोदना बना हुआ है** । जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि गुमशुदा मुनिया बाई नायक के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो तो थाना कोहेफिजा में आकर संपर्क करें अथवा थाना शाह. बाद मो.न. 9479990687 को पर तत्काल संपर्क करें ।



**थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा भोपाल**

G-12085/25 0755-2677317





## संपादकीय

# माकूल जवाब कई मोर्चे पर जरूरी

5 दिन पहले हुए कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद से घटनाक्रम बहुत तेजी से घूम रहा है। इस हमले का जवाब देते हुए भारत ने कुछ सख्त कदम उठाए हैं। इनमें सबसे अहम है सिंधु जल समझौते को निलंबित करना। यह फैसले के कई अन्य पहलुओं पर चर्चा शुरू हो गई है। उरी में हुए आतंकी हमले के बाद भी भारतीय पीएम ने कहा था कि सिंधु में जल और खून एक साथ नहीं बह सकते। इस बार सरकार इसी पर आगे बढ़ी है। हालांकि इतना काफी नहीं है। पुलवामा और पहलगाम जैसी घटनाओं से बचने के लिए ज्यादा निर्णायक और सटीक कदम उठाने की जरूरत है। हालांकि सिंधु नदी के पानी को रोकने के ऐलान भर से ही पाकिस्तान खदबदा गया है। इससे उसके बडे इलाके में तबाही मचने का अंदेशा है। जाहिर है इससे पाकिस्तानियो के भीतर भी वहां की सरकार के कामकाज पर आक्रोश पैदा होगा। इस बीच भारत ने पुलवामा का जवाब बालाकोट से दिया था। वह अप्रत्याशित और साहसिक कदम था। हालांकि इसके बाद भी सीमा पार आतंकवाद खत्म नहीं हुआ। इसकी वजह है आतंकियों तक पहुंचने वाली वह सप्लाई चेन, जिसे पाकिस्तान चालू रखे हुए है। वह पिछले कुछ साल से गंभीर आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। उसकी गाड़ी आईएमएफ और कुछ सहयोगी देशों के कर्ज से किसी तरह चल रही है। इसके बाद भी वह आतंकवादी गतिविधियों के लिए फंडिंग का जुगाड़ कर लेता है। भारत को इसी फंडिंग को खत्म करना होगा। पाकिस्तान का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता चीन है। इस्लामाबाद अपने 81फीसद हथियार पेइचिंग से लेता है। इसके बाद नंबर है अमेरिका का। इन्हीं हथियारों का इस्तेमाल फिर भारत के खिलाफ किया जाता है। अब नई दिल्ली को इस बारे में दोनों देशों के साथ स्पष्ट बात करनी चाहिए। 2019 का उदाहरण भी दुनिया के सामने है, जब अमेरिकी रोक के बावजूद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ एफ 16 का इस्तेमाल किया था। दुनिया को यह बताने की जरूरत है कि पाकिस्तानी सेना को दी गई एक भी गोली किसी टेरर कैंप में पहुंच सकती है। अमेरिका और भारत के करीबी रिश्ते हैं। दूसरी ओर, चीन के साथ सीमा विवाद भले हो, लेकिन आर्थिक रिश्ते मजबूत हैं। 2024 में दोनों के बीच 118 अरब डॉलर से ज्यादा का व्यापार हुआ और इसमें पलड़ा चीन की तरफ झुका हुआ है। दोनों को भारत का बाजार चाहिए। भारत को अपनी इस मजबूत आर्थिक हैसियत का फायदा उठाते हुए साफ कर देना चाहिए कि पाकिस्तान को अब और आर्थिक मदद नहीं। इसी तरह की बातचीत यूएई और सऊदी अरब के साथ भी होनी चाहिए, जहां से इस्लामाबाद को आर्थिक मदद मिलती रहती है। दो टूक बातचीत में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए कि जो देश पाकिस्तान को आर्थिक या सैन्य मदद देंगे, वे भारत का भरोसा खोएंगे। लेकिन भारत को भी अमेरिका के रवैये और चीन की दबीछिपी करतूतों पर नजर रखने की भी जरूरत है। हाल में ट्रंप के बयानों में पहलगाम मामले पर विरोधाभास नजर आया है। उधर चीन भी साफ तौर पर कुछ कहने से बच रहा है। ऐसे में भी भारत को अपने नए दोस्त बनाने होंगे और पुराने दोस्तों से भी प्रगाढता करना होगी। भारत के लोग पाकिस्तान से बदला चाहते हैं लेकिन सरकार सभी पहलुओं के भलीभांति अध्ययन करने के बाद आगे बढ रही है और यह ठीक भी है। अब जरूरत यह है कि भारत ने अब तक जो फैसले किये हैं वे जल्द लागू हों लेकिन कश्मीर में पाक समर्थित आतंकवाद की नकेल को बेहद सख्ती से कसने के सभी जरूरी प्रबंध किये जायें और इनमें कदापि ढील न हो।

**सत्य बात हमेशा कठोर होती है।**
**- कुशवाहा कान्त**

## आज का इतिहास

- 1945 - इटली के देशभक्त सैनिकों द्वारा तानाशाह मुसोलिनी एवं उनकी पत्नी की गोली मारकर हत्या।
- 1999 - अमेरिकी वैज्ञानिक डाक्टर रिचर्ड सीड द्वारा एक वर्ष के अंदर मानव क्लोन बनाने की घोषणा
- 1999- विश्वभर में हज़ारों कम्प्यूटरों को चेर्नोबिल वायरस ने ठप्प किया।
- 2001 - पहला अंतरिक्ष सैलानी टेनिस टीटो अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना।
- 2002 - बुकर पुरस्कार का नया नाम 'मैन बुकर प्राइज फ़ॉर फ़िक्शन' रखा गया।
- 2002- पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ के जनमत संग्रह को वैध करार दिया।
- 2004 - थाबोम्बेकी ने दक्षिण अफ़्रीका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
- 2004- थाइलैंड में पुलिस चौकी पर हमले में 122 लोगों की मृत्यु।
- 2008 -इसरो ने पीएसएलवी-सी 9 के साथ 10 सैटेलाइट एक साथ छोड़कर इतिहास रचा।
- 2008- मलेशिया में भारतीय मूल के दस सांसदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।
- 2008- पाकिस्तान की प्रधानमंत्री रहीं बेनजीर भुट्टो को मरणोपरान्त प्रतिष्ठित टिपरी इंटरनेशनल पुरस्कार दिया गया का जन्म।
- 1940 - समीर रंजन बर्मन, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता का जन्म।
- 1929 - भानु अथैया, भारतीय फ़िल्मों की प्रसिद्ध ड्रेस डिज़ाइनर का जन्म।
- 1791 - हरि सिंह नलवा, महाराजा रणजीत सिंह के सेनाध्यक्ष का जन्म।
- 1924 - केनेथ कौंडा, ज़ाम्बिया के पहले राष्ट्रपति।
- 1897 - ये जियानयिंग, चीन में सेना प्रमुख के अध्यक्ष का जन्म।

## निशाना

### आयी बात निकल कर !



-कृष्णेन्द्र राय

है दिया भरोसा ।
होगा पूरा न्याय ।।
आयी बात निकल कर ।
आगे भी सहाय ।।
चल रहा है काम ।
देकर सब कुछ ध्यान ।।
कोशिश है अब पूरी ।
लौटे फिर सम्मान ।।
इंतज़ार है करना ।
हैं कितने गंभीर ?
दिख जाए धरातल ।
चमके जब तकदीर ।।
चली लंबी बातचीत ।
आए अब परिणाम ।।
सकारात्मक चल रही ।
अटकलें तमाम ।।

# 'सुल्तान' के आतंकी शिविरों और सत्ता को ख़त्म करना जरुरी

■ आलोक मेहता

यह 'सुल्तान' है या पाकिस्तानी सेना और आई एस का कठपुतली आतंकी सरगना ? जी हाँ , पाकिस्तान के कब्जे वाले गुलाम कश्मीर में लगभग तीस साल से सेना नियंत्रित कथित सरकार में कभी वजीर ए आज़म (प्रधान मंत्री) और अब प्रेसिडेंट कहलाने वाला सुल्तान महमूद चौधरी न केवल आतंकवादियों के प्रशिक्षण की देख रेख करता है , बल्कि अमेरिका , ब्रिटैन सहित दुनिया के कई देशों में भारत के विरुद्ध सक्रिय आतंक समर्थक संगठनों को सहायता करते हुए जम्मू कश्मीर और भारत सरकार के विरोध में अभियान चलाता है . सुल्तान ने पहलगाम में भारतीय पर्यटकों पर आतंकी हमले से एक दिन पहले भी इस्लामाबाद में भारत के विरुद्ध जहर उगलते हुए जम्मू कश्मीर पर अधिकार करने जैसी घातक चेतावनी दी थी . इससे एक महीने पहले उसने ब्रिटेन और अमेरिका की यात्रा के दौरान वहां के नेताओं के साथ पाकिस्तानी आई एस आई द्वारा फंडिंग वाले संगठनों और आतंकी षड्यंत्र , भारत विरोधी प्रदर्शन करने वाले लोगों से मुलाकातें की थी . उसकी यात्राओं के कुछ विवरण , प्रेस कॉन्फ्रेंस आज भी उपलब्ध हैं . यह इस बात का प्रमाण है कि पहलगाम का शर्मनाक भयानक आतंकी हमला और भारतीय उच्चायोगों दूतावासों के सामने हो रहे प्रदर्शनों की तैयारी सेना , आई एस आई और उसके भाड़े के नेता कई महीनों से कर रहे थे . इसलिए अब भारत सरकार और सेना को ऐसे आतंकी तत्वों और ठिकानों पर निर्णायक कार्रवाई करनी होगी .

सुल्तान महमूद चौधरी 1996 से पाकिस्तानी सेना और आई एस आई के एजेंट की तरह पाक कब्जाए कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद में सत्ता की राजनीती तथा आतंकी शिविरों का इंतजाम करता रहा है. पाकिस्तान ने राष्ट्रपति जनरल परवेज़ मुशर्रफ ने इसे कठपुतली के रूप में इस इलाके का प्रधानमंत्री बना रखा था. मुशर्रफ के बाद भी हर सेनाध्यक्ष इसका इस्तेमाल करता रहा है. दिलचस्प बात यह है कि 2021 से इसे इलाके का प्रेसिडेंट घोषित कर दिया है . यह संयोग और एक हद तक अच्छा अवसर भी था जब जनरल मुशर्रफ के सत्ताकाल के दौरान जुलाई 2000 में भारत के शीर्ष सम्पादकों के साथ मुझे भी मुजफ्फराबाद में सुल्तान महमूद चौधरी से भी मुलाक़ात हुई. कुलदीप नायर और इन्दर मल्होत्रा, विनोद मेहता, सुमित चक्रवर्ती, तरुण बसु जैसे वरिष्ठ सम्पादकों के साथ हमने इस्लामाबाद से मुजफ्फराबाद तक की यात्रा की थी. इस्लामाबाद में भारतीय और पाकिस्तानी सम्पादकों के सम्मलेन में जनरल मुशर्रफ भी आया था और उसी कारण हमें उस इलाके में जाने की अनुमति मिल सकी. सामान्यतः वर्षों से भारतीय पत्रकारों को पाकिस्तान और खासकर मुजफ्फराबाद के इलाके में जाने कि वीसा नहीं मिलता था. इस्लामाबाद से मुजफ्फराबाद जाने के लिए पर्यटन नगरी मरी होकर जाना होता है. ब्रिटिश राज में भी अंग्रेजों को यह इलाका पसंद था. इसलिए वहां की पुरानी इमारतें आज भी देखने को मिलती हैं लेकिन मरी के बाद मुजफ्फराबाद के रास्ते में पड़ने वाले गांव और कस्बों में बुरी हालत दिखाई दे रही थी जो आज उससे भी बदतर हो गयी है. सड़कों की हालत ख़राब रही है.



भारतीय संपादको की मुजफ्फराबाद यात्रा का चित्र।

मुजफ्फराबाद में फटेहाल लोग और मॅंहगाई लगातार बढ़ती चली गयी है. हास्यास्पद बात यह है कि उस समय भी सुल्तान महमूद चौधरी चीन और अमेरिका से संबंधों के बात पर पुरे कश्मीर पर कब्जे की बातें कर रहा था. अब पाकिस्तान के वर्तमान विदेश मंत्री ने सार्वजानिक रूप से यह भी स्वीकारा है कि अमेरिका से मदद लेकर हथियारबंद आतंकियों कि घुसपैठ भारतीय सीमाओं में कराई जाती रही है. लेकिन वह या उनकी सरकार यह भूल रही है कि अब अमेरिका, यूरोप और रूस ही नहीं चीन भी उसकी कोई मदद नहीं करने वाला है.

भारत की सुरक्षा एजेंसियां ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय गुप्तचर एजेंसियों के पास पाकिस्तान द्वारा आतंकियों को प्रशिक्षित करने तथा उनकी गतिविधियां चलाने के सैकड़ों प्रमाण उपलब्ध हो गए हैं. अमेरिका की एफ बी आई ने सुन 2000 में ही आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के साथ सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया था. अप्रैल 2000 में एफ बी आए के निदेशक लुइस जे फ़रीह ने तीन दिवसीय भारत की यात्रा की थी. हाल के वर्षों में अमेरिका, रूस, इस्त्राईल की गुप्तचर एजेंसियों के साथ भारतीय एजेंसियों को तालमेल बहुत बढ़ चुका है. आतंकवाद के मुद्दे पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने जी 20 समूह के देशों के साथ आतंकवाद विरोधी अभियान में सम्पूर्ण विश्व समुदाय के समर्थन पर सर्वाधिक जोर दिया है. इस मुद्दे पर चीन भी सहमत है. वहीँ पाकिस्तान को समर्थन देने वाले खाड़ी के तेल उत्पादक इस्लामी देश सऊदी अरब और सयुंक्त अरब अमीरात भी भारत के साथ सामरिक और आर्थिक सम्बन्ध बढ़ाने के लिए आतंकवादी गतिविधियों के विरोध में दिखाई दे रहे हैं.

पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्करे तैबा, जैस ए मुहम्मद, अल बदर, हिज्बुल मुजाहिदीन पिछले वर्षों के दौरान बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण शिविर चलते रहे हैं. पाकिस्तानी सेना ही इनके लिए धन और हथियारों का इंतजाम करती है. धर्म और रोज़गार के नाम पर 15 - 20 वर्ष के युवकों को भर्ती कर उन्हें मुजाहिद नाम दिया जाता है. इन मुजाहिदों को थल सेना के जवानो की तरह ए. के. 47 , ए. के. 56 , असाल्ट राइफल, रॉकेट संचालित ग्रिनेड प्रक्षेपक ( आरुईजीएल ) और कंधे पर रख कर छोड़े जाने वाली स्ट्रिंगर मिसाइल चलाने की ट्रेनिंग भी दी जाती है. ऐसे ही प्रशिक्षित आतंकी भारतीय सीमा में घुसपैठ करते हैं. इसीलिए भारत लगातार यह कहता रहे है कि पाकिस्तान पिछले कई दशकों से छद्म युद्ध कर रहा है. भारत द्वारा सिंधु जल समझौते के स्थगन के बाद पाकिस्तान ने शिमला समझौता रद्द करने की घोषणा की है. लेकिन भारत दुनिया को यह बता चुका है कि पाकिस्तान लगातार शिमला समझौते का उल्लंघन करता रहा है. कारगिल में हुई घुसपैठ से लेकर मुंबई में हुए बड़े आतंकी हमले और जम्मू कश्मीर में पहलगाम तक हुए आतंकी हमलों से इस बात की पुष्टि होती है कि पाकिस्तान ने समझौते को कभी निभाया ही नहीं. इसी तरह संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और ईरान के नेताओं को भारत ने अनेक प्रमाण दे करके यह विश्वास दिलाया है कि इस्लाम धर्म के नाम पर युवकों को आतंकी बनाना और उन्हें ड्रग्स और हथियारों से मासूम लोगों की हत्या के लिए तैयार करना पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी बनता जा रहा है. पाकिस्तान धर्म की दुहाई देता है लेकिन उसने पहले भी पूर्वी पाकिस्तान में 20 लाख मुस्लिमों की हत्या करवाई जो अब बांग्लादेश है. बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना दो लाख मुस्लिमों की हतय करवा चुकी है. बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ विद्रोह ज्वालामुखी की तरह किसी समय फट सकता है. मुजफ्फराबाद में पिछले दो-तीन वर्षों में लगातार सरकार और सेना के खिलाफ प्रदर्शन हुए हैं और वे कश्मीरी भारत का हिस्सा बनने के लिए लगातार दुहाई दे रहे हैं. भुट्टो परिवार के प्रभाव वाले सिंध प्रान्त में भी बगावत की आग भड़कती जा रही है. ऐसी हालत में पाकिस्तान को भारत से युद्ध करने से पहले अपने ही प्रांतों के अलग होने की तैयारियों से निपटना होगा।

# हिमाचल प्रदेश की सड़कों पर कब थमेगा मौत का तांडव ?

■ नरेन्द्र भारती

हिमाचल में सड़क हादसों की लकीर नियति ने बहुत गहरी लिख दी है।सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे है।2025के चार महिनों में हजारो लोग मौत के मुह में समा चुके है। हादसों को देखकर हालात ऐसे बन गए है कि अल सुबह घर से निकले लोग शाम को घर पहुंचेगे इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। सड़क हादसों हर रोज घरों के चिराग बूझ रहे है।बच्चे अनाथ हो रहे है।मातओं व बहनों के सिदूंर मिट रहे है। यह सिलसिला अनवरत जारी है। हिमाचल में किन्नौर से लेकर भरमौर तक प्रतिदिन भीषण व दर्दनाक सड़क हादसे होते जा रहे है।

एक बार फिर लाशों क़े ढेर लग गए लाशों क़ो ढ़ापने क़े लिए कफ़न कम पड़ गए। 25 अप्रैल 2025 को पंडोह में एक कार के खाई में गिर जाने से एक ही परिवार के पांच लोग मौत की नींद सो गए यह बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ है एक साथ पांच चितायें जलने से हर आँखों से आंसू बह रहे थे शादी का माहौल मातम में बदल गया यह बारात से लौट रहे थे । बीते साल 2024में भी बहुत दर्दनाक हादसे हुए थे यह हादसे बदस्तूर जारी हैं । आकडों के अनुसार 4 दिसंबर 2023 का काला दिन काल बनकर 11 लोगों क़ो लील गया था। तीन सड़क हादसों में कई घरों क़े चिराग़ बुझ गए थे ।

पहला हादसा शिमला जिला क़े सुन्नी में हुआ था जहाँ एक पिकअप गहरी खाई में गिर गई और छः लोगों की मौत हो गई थी मरने वालों में जम्मू कश्मीर क़े चार लोगों की मौत हो गई थी यह चारों एक ही गाँव क़े रहने वाले थे तथा एक हप्ता पहले ही काम पऱ सुन्नी आये थे । दूसरा हादसा ददाहू संगड़ाह मार्ग पऱ एक टिपर खाई में गिर गया था और दो लोगों की मौत हो गई थी और दो लोग घायल हो गए थे । तीसरा हादसा मंडी जिले क़े गोहर क़े केलोधार में शादी समारोह में भाग लेकर जंजेहली लौट रहे तीन लोगों की कार खाई में गिर गई और तीनों की मौत हो गई थी और दो घायल हो गए थे इस हादसे में पति पत्नी की मौत हो गई । एक दिन में ग्यारह लोगों की मौत से लोग सदमे में है । 2 नवबंर 2023 क़ो करवा चौथ के दिन मंडी व बिलासपुर में दो सड़क हादसों में तीन महिलाओ समेत छह की मौत हो गई थी और आठ लोग घायल हो गए थे यह बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ था जो असमय ही इतनी जिंदगीयाँ लील गया था। करवा चौथ के दिन हुआ यह हादसा कभी नहीं भूलेगा। चारों तरफ चीखो पुकार मच गई थी पल भर में लोग चिथड़ों में बदल गए थे । भीषण सडक हादसे कब रुकेंगे यह एक यक्ष प्रश्न बन गया है। दर्दनाक हादसे में किसी ने अपना पति तो किसी ने अपनी पत्नी खोई है। कोटली व घुमारवीं में हुए इन हादसों से लोग मातम में हैं। वर्ष 2018 में शिमला से 130 किलोमीटर दूर मुगंरा में एक वाहन के खाई में गिरने से 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी ।हादसें में मरने वालों में पांच लोग एक ही परिवार के थे मरनेवालों में ज्यादातर चिड़गांव के गावों के थे । मरने वालों में चार महिलाएं आठ पुरुष व एक बच्ची थी । मृतक आपस में करीबी रिश्तेदारथे । मौत के इस दर्दनाक मंजर में हुई इन अकाल मौतों से हर हिमाचली गमगीन हुआ था ।यह लोग हाटकोटी से उतराखंड में मदिर दर्शन को जा रहे थे।मगर मंदिर पहुचने से पहले ही काल के गाल मे समा गए। हर रोज सड़के खून से लाल हो रही है लाशो के ढेर लग रहे है।

लापरवाही से घरों के चिराग असमय बुझते जा रहे हैं। परिवार के परिवार खत्म हो रहे है।लाशो के अग्नि देने वाले भी नहीं बच रहे है।हजारो लोग तामउम्र हादसों का दंश झेल रहे है।पल भर में जीता-जागता आदमी लाशों के चिथड़ों में तब्दील हो रहा है।बच्चे अनाथ हो रहे है।प्रदेश में प्रतिदिन हो रहे इस मौत के ताडव को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने होगें। इन सड़क हादसों से हर हिमाचली उद्वेलित है। गत वर्ष शिमला के रामपुर के खनेरी में पास बस के खाई में गिर जाने से 28 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। कांगडा के देहरा के ढलियारा में श्रध्दालूओं की एक बस खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई र्थी और 45 के लगभग बुरी तरह से घायल हो गए थे।बस 200 मीटर गहरी खाई में गिरी थी।प्रदेश में हर रोज हादसों का सिलसिला जारी है।प्रतिदिन भीषण हादसे होते जा रहे है ।प्रदेश में एक दिन में 13 लोगों की मौतें बहुत ही दुखद है। प्रदेश में ऐसा कोई दिन नहीं होता जब किसी की सड़क हादसे में मौत न हुई हो हादसों का यह क्रम लगातार जारी है।सबक न सीखना लोागों की आदत बन गया है इतने हादसे हो रहे है मगर सुधार शून्य ही है।इस पर मंथन करना होगा। जनवरी 2023से लेकर अक्टूबर 2025 के चार महिनों में हजारों हादसे हो चुके है और हजारों लोग मारे जा चुके है और यह सिलसिला थमनें का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले कई भीषण हादसे हो चुके है।कुछ साल पहले भीषण हादसा मंडी के झिड़ी में हुआ था जब एक निजि बस चालक की लापरवाही के कारण 40 से अधिक लोगों की असमय मौत हो गई थी। व्यास नदी में गिरी इस बस में लगभग 70 सवारियां सवार थी। चालक कथित तौर पर मोबाईल फोन पर बात कर रहा था कि बस अनियंत्रित हो गई और नदी में समा गई। पल भर में ही यात्री लाशों में तब्दील हो गये। गनीमत रही कि राफटिंग दल ने जान जोखिम में डालकर 17 लोगों की जिदंगियां बचा ली नही तो मरने वालों का आंकडा 60 हो जाता यह हादसा नहीं सरासर हत्या थी कि चालक ने खुद छलांग लगाकर यात्रियों को असमय मौत के मुहं में धकेल दिया। बीते हादसों से न तो यात्रियों ने सबक सीखे और न ही प्रशासन ने कोई सबक सीखा।



अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर हादसे ओवरलोडिगं के कारण होते है क्योकि इस 42 यात्रियों कि क्षमता वाली बस में 70 यात्री सफर कर रहे थे। कांगडा के आशापुरी में तथा बिलासपुर के बंदला में भी ऐसे भीषण हादसे हो चुके हैं। अप्रैल माह में चंबा में भी 12 यवकों की मौत हो गई थी। हमीरपुर में भी मजदूर दिवस के दिन एक टाटा सूमों के खाई में गिरने से 10 मजदूरों की मृत्यु हो गई थी।बीते 2024 में इतने बड़े-बड़े हादसे हुए मगर इसमें सुधार नहीं हुआ।आखिर कब थमेगा यह मौत का मंजर इसका जबाव प्रशासन को देना होगा। प्रतिवर्ष हजारों लोग हादसों का शिकार होते है तथा इतने ही घायल होते है लोग असमय काल के गाल में समाते जा रहे हैं मगर हालात सुधरने के बजाए बिगड़ते ही जा रहे है लोग बीते हादसों को कैसे भूल जातें है हिमाचल में हर रोज लापरवाही के कारण लोगों को मौत नसीब हो रही है अगर लोग जरा सी सावधनी बरते तो हादसों को रोका जा सकता है और अनमोल जीवन को बचाया जा सकता है।बीते हादसों पर नजर डाली जाए तो रौगटे खडे हो जाते है। सड़को पर मौत रेंग रही है और सड़के रक्तरंजित हो रही हैं। अमूमन देखा गया है कि निजि बसों के कारण ज्यादातर दुर्घटनाएं हो रही है। क्योकि इन बसों में अप्रशिक्षित चालकों की लापरवाही के कारण भंयकर हादसे हो रहें हैं। मोबाइल पर प्रतिबन्ध है लेकिन इसकी खुजेआम धज्जियां उडाई जा रही है। प्रशासन भी हादसे के कुछ दिन सक्रियता दिखाता है फिर वही हालात हो जातें है।

लोग भी किराये में कुछ रियायत के कारण सरकारी बसों में यात्रा न कर निजि बसों को अहमिहत देतें है और जिदंगियों से खिलवाड करवातें है। चंद चांदी के सिक्कों की खतिर बसों के परिचालक बसों में अपेक्षा से अधिक यात्रियों को बिठाते है और खुद मौत को निमंत्रण देते हैं। प्रतिदिन सडकों पर ओवरलोडिग बसें सरपट दौडती रहती है मगर प्रशासन आखें बंद करके सोया रहता है जब हादसा हो जाता है तब इसकी कुभंकरणी नींद टूटती है ।

प्रशासन के पहुचनें तक लोगों की सासें खत्म हो चुकी होती है। यदि प्रशासन समय= पर कारवाई करता रहे तों इन हादसों पर लगाम लग सकती है। मगर ऐसा नहीं होता ।समझ से परे है कि प्रशासन जितना पैसा राहत कार्यो में बांटता है यदि पहले ही सुरक्षा बरती जाए तो लोगों की अनमोल जिन्दगियां बच सकती हैं। एक व्यक्ति की लापरवाही का खामियाजा लोगों को जान देकर भुगतना पड रहा है। ऐसे लोगों को सजा-ए -मौत देनी चाहिए जो जानबूझकर लोगों की मौत का कारण बनते हैं। यह हादसा इतने जख्म दे गया कि लोगों को उबरने में वर्षो लग जाएगें। इसमें घरों के चिराग बूझ गये कई बच्चों के सिर से बाप का साया उठ गया तो कई माताओं व बहनों के सुहाग छिन गये, माता -पिता के बुढापे के सहारे असमय काल के गाल मे समा गए। इस हादसे मे आनी के एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। विशेषज्ञ रिपोटों में सामने आता है कि 80 फीसदी हादसे चालकों की लापरवाही के कारण होतें है जबकि 20 फीसदी तकनीकी खराबी के कारण होतें है। हर हादसे के बाद मैजिस्ट्रेट जांच होती है मगर कुछ समय बाद यह भी ठंडे बस्ते में पड जाती है।ऐसे हत्यारे चालकों को सरेआम सजा देनी चाहिए ताकि भविष्य में कीमती जाने बच सके। ऐसे हादसे क्यों नहीं रूक पा रहे है यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है। पुलिस भी इन हादसों को रोकनें में नाकाम साबित हो रही है। पुलिस पैट्रोलिगं करने वाले भी इन दुर्घटनाओं को राकेनें में अक्षम नजर आते है। यदि इस ओवरलोडिगं बस पर शिकंजा कसा होता तो शायद यह हादसा न होता, हर चैराहे पर पुलिस होती है क्या इस पर किसी की नजर नहीं पडी।

ऐसे कई सवाल है जिनका जबाब लापरवाह व बहरे हो चुके प्रशासन को देना होगा। सरकार को इन हादसों पर रोक लगानें के लिए सुधारात्मक कदम उठाने होगें मात्र मुआवजा देकर कर्तब्य की इतिश्री नहीं करनी चाहिए। ऐसे चालकों पर हत्या का मामला दर्ज करना चाहिए।परिवहन विभाग को भी ऐसे चालकों के लाईसैसं रद्द करने चाहिए तथा बसों के रूट परमिट भी बंद कर देने चाहिए। सरकार को चाहिए कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को भी निर्देश दिए जाएं कि बस अड्डे पर प्रत्येक बस की रूटिन चैकिगं की जाए तथा बीच में भी छापामारी की जाए ताकि दोषी चालको के विरूद्ध मौके पर चालान काटा जाए। ऐसे हादसों से जनमानस खौफजदा होता जा रहा है। बसों में मोबाईल फोन पर रोक लगाई जाए। अगर अब भी कोई कदम न उठाये तो लोग बेमौत मरते रहेगें। यदि प्रशासन सक्रिय होगा तो ऐसे बेलगाम चालकों पर नकेल कसी जा सकती है तथा लोगों की जिन्दगियां बच सकती हैं।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## दमोह जिले में तेज आंधी-तूफान के साथ हुई रिमझिम बारिश

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**तेजगढ़ थाना के ग्रामों में हुई घटना, पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजनों के सुपुर्द किए जांच शुरू**



तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो

रविवार की सुबह से ही चारों ओर तेज हवाओं का दौर जारी है जहां दोपहर 2बजे के बाद मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-तूफान के बाद 15 मिनट तक झमाझम बारिश होती है वहीं सुबह 5 बजे भी रिमझिम बारिश हुई जहां तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली है तो वहीं आंधी तूफान से कई जगह नुकसान भी हुआ है तो वहीं आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तेजगढ़ थाना क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो जाने का घटनाक्रम भी सामने आया है

### पहली घटना

पहला मामला तेजगढ़ थाना क्षेत्र के कंसा ग्राम से सामने आया है जहां पर अज्जू पिता रामप्रसाद यादव उम्र 25 वर्ष घर के पीछे बारी में रखे भूसे को पन्नी से ढाकने गया था उसी समय तेज गरज के साथ बिजली तड़की और गाज के रूप में युवक के ऊपर गिर गई युवक को जमीन पर पड़ा देख परिजन तत्काल युवक को उठाकर तेजगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने युवक को मृतक घोषित कर दिया

### दूसरा घटना

दूसरी घटना भी तेजगढ़ थाना क्षेत्र के पुरा ग्राम से सामने आया है जहां पर खेत की रखवाली करने वाले मुकेश पिता भगवान सींग लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी पुरा भी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई जहां परिजनों ने घटना की सूचना तेजगढ़ पुलिस को दी गई जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ओर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया परिजनों ने बताया कि मुकेश अपने खेत पर उड़द की देखरेख कर रहा था तभी दोपहर 3 बजे अचानक से आंधी तूफान शुरू हो गई और बारिश जहां मुकेश आम के पेड़ के नीचे जाकर खड़ा हो गया और गाज की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई दोनों घटनाक्रम में पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

### आंधी तूफान में उड़े टीन शेड

रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों उठे तूफ़ान ने नगर में बड़ा रूप ले लिया कई दुकानों के सामने लगे टीन शेड उड़ गए कई पेड़ की डालियां टूट कर गिर गई उसके बाद दस से पंद्रह मिनट तक नगर में तेज बारिश हुई जहां मौसम में ठंड महसूस की गई वहीं तेन्दूखेड़ा के अलावा दर्जनों गांवों में लोगों के घरों के छप्पर उड़ गए और टीनशैड भी खबर लिखे जाने तक ठंडी हवाओं का दौर चलता रहा

### आकाशीय बिजली गिरने से दो मौतें

तेजगढ़ थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत के संबंध में तेजगढ़ थाने से प्रधान आरक्षक रघुराज सिंह ठाकुर ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हुई है जिसमें अर्जेश उर्फ अज्जू यादव पिता राम प्रताप यादव उम्र26 बर्ष की मौत हो गई है और मुकेश पिता भगवान सिंह लोधी है दोनों घटनाओं में पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों के सुपुर्द किया मामले की जांच की जा रही है

# तालाब की सफाई के लिए विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने किया श्रमदान



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी दिया योगदान**

नर्मदापुरम. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सिवनी मालवा क्षेत्र के विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने ग्राम पंचायत मिसरौद स्थित तालाब की साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया। उनके साथ एसडीएम नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी इस श्रमदान कार्यक्रम में उपस्थित रहे। श्रमदान के दौरान विधायक श्री वर्मा ने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण और संवर्धन हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। तालाबों की स्वच्छता से न केवल पर्यावरण संरक्षण होता है, बल्कि जल संकट की समस्या से निपटने में भी मदद मिलती है। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे जल स्त्रोतों की देखरेख और स्वच्छता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और तालाब की सफाई में सहयोग किया।

## जिले में गेहूं खरीदी कार्य सुचारू रूप से जारी, 26791 किसानों से 278394 मीट्रिक टन गेहूं का हुआ उपार्जन

**नर्मदापुरम.** शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में 15 मार्च से जिले के ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत 64988 किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है। शनिवार को 632 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया गया एवं 88 मी.ट स्कंद का उपार्जन हुआ। जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में स्थापित 171 उपार्जन केन्द्रों पर आज दिनांक तक कुल 38414 किसानों के द्वारा अपना स्लॉट बुक किया गया है जिनमें से 26791 किसानों से 278394 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है।

# उपनयन संस्कार के साथ भगवान परशुराम भवन का हुआ लोकार्पण

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो



गंजबासौदा।भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय आयोजन का प्रारंभ रविवार को ब्राह्मण बालकों का उपनयन संस्कार व भगवान परशुराम भवन का लोकार्पण के साथ हुआ। लोकार्पण के शुभ अवसर पर नौलखी खालसा के श्रीमहंत राममनोहर दास महाराज, मुड़री धाम के महंत परशुराम दास महाराज के परम सानिध्य में व क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक लीना जैन, पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन के आतिथ्य में संपन्न हुआ। उपनयन संस्कार में सर्व प्रथम ब्राह्मण बालकों का वेत्रवती गंगा के तट पर मुंडन संस्कार हुआ तदपश्चात बालकों का दस विधि स्नान होकर फिर विधि विधान से पूजन यज्ञ के साथ छोटे छोटे बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न हुआ। लोकार्पण के आयोजन में अतिथियों द्वारा द्वार पूजन कर प्रवेश कर लोकार्पण संपन्न कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रघुवंशी ने कहा कि ब्राह्मण शास्त्र व शस्त्र दोनों का उपासक, लोकार्पण के अवसर पर समाज व शहर के वरिष्ट आचार्य केशव शास्त्री जी व विश्व हिंदू परिषद के पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश तिवारी ने अपने माता पिता की स्मृति में एक एक कमरे के निर्माण के सहयोग करने का भी संकल्प लिया है। कार्यक्रम का संचालन आशीष दुवे व पवन रिछारिया ने किया इससे पूर्व कार्यक्रम के शुभारंभ में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने स्वागत भाषण दिया व कार्यक्रम की रूपरेखा व भगवान परशुराम जन्मोत्सव के भव्य चार दिवसीय आयोजन पर प्रकाश डाला व कार्यक्रम के समापन पर चार दिवसीय कार्यक्रम के प्रभारी अरविंद दुवे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुन्ना लाल शास्त्री, देवेंद्र भार्गव, नित्य प्रकाश शर्मा, रवि तिवारी, राजकुमार शुक्ला,गगन दुवे, सुमित मिश्रा, नितिन शुक्ला, मनोज रावत सहित अनेक ब्राह्मण सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दिव्यांग शिविर का आयोजन, मंत्री लोधी ने पहलगाम में हुए शहीदों के लिए रखा मौन

तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो





दमोह जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत तेंदूखेड़ा के जनपद सभागार में एलिम्को जबलपुर द्वारा आयोजित दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 96 दिव्यांगों ने परीक्षण कराया जिसमें 46 सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकित किए गए शेष 50 के दिव्यांग प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। इस दौरान स्थानीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में शहीदों के लिए मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान प्रार्थना देने की प्रार्थना की।

मंत्री श्री लोधी ने बताया कि विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों में जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र वासियों की शिविर को लेकर मांग की जा रही थी जिसके उपरांत इस दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया है शिविर में परीक्षण के उपरांत पात्र हितग्राहियों को ई-रिक्शा सहित विभिन्न सामग्री प्रदान की गई एवं नवीन दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाये जा रहे हैं।

इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की तैयारी के संबंध में मंत्री ने बैठक लेकर विभिन्न जानकारी ली गई। ज्ञात हो कि जबेरा विधानसभा के नगर परिषद तेंदूखेड़ा कृषि उपज मंडी में आगामी 4 मई 2025 को होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के संबंध में स्थानीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) ने जनपद सभागार भवन में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया जिसमें कार्यक्रम संबंधी विभिन्न कार्य योजनाओं पर चर्चा की इस विवाह समारोह के लिए अभी तक 800 से अधिक आवेदन जनपद पंचायत में जमा हो चुके हैं और अभी 30 अप्रैल तक निरंतर यह प्रक्रिया चलेगी।

## अक्षय तृतीया के चलते बाजार में लगी गुड्डा-गुड़िया की दुकानें



**तेंदूखेड़ा।** अक्षय तृतीया के चलते बाजार में मिट्टी के गुड्डा-गुड़िया और मिट्टी के बर्तनों की खूब बिक्री हो रही है। विक्रेता प्रहलाद प्रजापति ने बताया कि 20 रुपए में गुड्डा-गुड़िया का जोड़ा बिक रहा है। वहीं मिट्टी के बर्तन बेच रहे कमलेश कुम्हार बताया कि 50 रुपए से लेकर 150 रुपए तक में मटके बिक रहे हैं। अक्षय तृतीया के बर्तनों के अलावा लोग टोंटी लगे मटके ज्यादा मांग रहे हैं। मान्यतानुसार अक्षय तृतीया की पूजन में गुड्डा-गुड़िया का विवाह रचाने और मिट्टी के पात्रों में धागा बांधकर खुशहाली की कामना की जाती है। 30 अप्रेल को अक्षय तृतीया पर घरों में विधि-विधान से पूजा की जाएगी। यह पर्व मुख्य रुप से जरुरतमंदों को दान करने का माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन जो भी कार्य किए जाते हैं, उनका व्यक्ति को अक्षय फल मिलता है। इसलिए इस दिन बिना किसी गणना के शुभ कार्य संपादित किए जाते हैं।

## सकल दिगंबर जैन समाज ने श्रृध्दांजलि देकर आंतकवाद को लेकर व्यक्त किया आक्रोश प्रदर्शन, सरकार के साथ समाज

**नर्मदापुरम।** दिगंबर जैन समाज द्वारा रविवार को मोरक्षली चौक मंदिर जी पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि सभा की गई। सभा के पश्चात समाज द्वारा आतंकवाद एवं पाकिस्तान द्वारा कूटनीतिक कायरता पूर्ण किये गये हमले के प्रति अपना आक्रोश प्रकट किया गया। समाज अध्यक्ष संतोष जैन ने बताया कि आतंकवाद आज के समय की सबसे खतरनाक समस्याओं में से एक है, जो न केवल निर्दोष लोगों की जान लेता है, बल्कि देशों की शांति, सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। यह हिंसा और भय फैलाने का एक तरीका है। पाकिस्तान द्वारा कायरतापूर्ण ,कूटनीति कर पूर्व में भी अनेकों वार भारत पर आतंकी हमला किया जा चुका है,जो हमारे देश के स्वाभिमान पर कुठाराघात करता है जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता संकट की इस घड़ी में हम सभी भारत सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मदद के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम में जैन समाज के सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष एकत्रित हुए। सभी ने पाकिस्तान के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया एवं संकट के समय में जैन समाज देश के साथ तन मन धन से संकंल्पीत है। मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि सभा एवं आक्रोश प्रदर्शन में समाज के डॉक्टर आरके जैन, दीपक जैन अधिवक्ता, एनसी जैन डॉक्टर, प्रदीप जैन, नरेंद्र गोयल, विकास जैन,प्रदीप जैन, अभिषेक जैन ,आलोक जैन(सचिव),नीरज जैन,प्रशांत जैन, डॉ गुंजन जैन ,राजा जैन,वरूण फौजदार,अमीत मोदी,पवन,अंकुर जैन आशीष जैन लवलेश जैन ,वरूण जैन,अमित जैन रत्नेश जैन सुनील जैन सहित समाज जन एकत्रित हुए।

**मेट्रो एंकर** | सभी नागरिक नर्मदा को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें

# पवित्र नर्मदा में फूल-माला और कचरा न फेंके, स्वच्छता में योगदान दें : सुनीता पटेल



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

प्रदेश की जीवन रेखा पावन नर्मदा के चित्रगुप्त घाट पर प्रत्येक रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा साफ सफाई कार्य निरंतर जारी है. गत रविवार को सफाई अभियान को प्रोत्साहित करने के लिए ट्रैफिक अधिकारी सुनीता पटेल सफाई कार्य में शामिल हुई. इस अवसर पर उन्होंने कहा- स्वच्छता अभियान एक बहुत अच्छा कार्य है। स्वच्छता रखना हमारा कर्तव्य है। हमें धर्म का पालन तो करना चाहिए , लेकिन नर्मदा में फूल माला और कचरा नहीं डालना चाहिए।

सभी साफ सफाई में योगदान दें , इससे पर्यावरण साफ सुथरा रहेगा और मां नर्मदा निर्मल बहती रहेंगी । मां नर्मदा हमारी जीवन दायिनी है। हम सभी से निवेदन करते हैं कि इसमें गंदगी ना करें और साफ सफाई में योगदान दें । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मातृशक्ति के नेतृत्व में स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर रविवार को स्वच्छता अभियान में ट्रैफिक अधिकारी सुनीता पटेल ने आगे कहा- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नेतृत्व में नर्मदा घाटों पर जो साफ-सफाई की जा रही है उसकी मैं प्रशंसा करती हूं। मां नर्मदा को स्वच्छ और सुंदर बनाएं। हमारे शहर को स्वच्छता में नंबर वन लाना है । उन्होंने कहा यह मेरा सौभाग्य है कि मैं नर्मदा के स्वच्छता अभियान में शामिल हुई।

इस मौके पर महासभा के संरक्षक राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, केशव देव वर्मा, सी बी खरे, अश्वनी वर्मा, आदित्य लालता प्रसाद, जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति वर्मा, श्रीमती मंजू श्रीवास्तव, श्रीमती सुमन वर्मा ,श्रीमती प्रीति खरे, श्रीमती सारिका सक्सेना, श्रीमती रश्मि सक्सेना, श्रीमती रश्मि वर्मा , श्रीमती शीतल श्रीवास्तव विधि सक्सेना, अंशिका श्रीवास्तव अदिति श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद थे।

### स्वच्छता के कार्य में सभी को योगदान करना चाहिए : राजेंद्र श्रीवास्तव

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संरक्षक एवं समाज सेवी राजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता के लिए सभी को सहयोग देना चाहिए । हम श्रमदान और समय दान दे रहे हैं अच्छी बात है हमें विचारों से पवित्र होना चाहिए । उन्होंने कहा अंदर के विचार शुद्ध होना चाहिए । हम शुद्ध हृदय से मां नर्मदा की साफ सफाई करें उन्हें स्वच्छ रखें। सभी को सहयोग देना चाहिए। सभी के सहयोग से यह कार्य हो रहा है और आगे भी सभी का सहयोग मिलता रहेगा ।

### प्रत्येक समाज के लोग स्वच्छता के लिए आगे आएं : रश्मि वर्मा

इस मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं समाजसेवी रश्मि वर्मा ने कहा कि कायस्थ ही नहीं सभी समाज को स्वच्छता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर समाज के लोग मां नर्मदा को स्वच्छ रखने के लिए योगदान दें। उन्होंने कहा कि यहां पर अनेक विभाग के अधिकारी आए और उन्होंने अभियान में हिस्सा लिया । इसका हम स्वागत करते हैं। हम सभी को मां नर्मदा को साफ रखना है।

### साफ सफाई में सभी का योगदान सराहनीय : रश्मि सक्सेना

साफ सफाई में सभी का योगदान सराहनीय है। यह बात अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की रश्मि सक्सेना ने कहीं। उन्होंने कहा कि सभी को साफ सफाई में योगदान देना चाहिए। हमें मां नर्मदा के घाटों को साफ रखना है जिससे हमारा शहर स्वच्छ और साफ हो सके।

### रैंकिंग सूची के अनुसार विदिशा जिले में 61.37 प्रतिशत हितग्राहियों ने कराया ई-केवाईसी

# समग्र ई केवाईसी कार्यो में विदिशा जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

समग्र ई केवाईसी कार्यो में विदिशा जिला मध्यप्रदेश में दुसरे स्थान पर पहंचा गया है। आज जारी रैंकिंग सूची के अनुसार विदिशा जिले में 17 लाख 70 हजार हितग्राहियों का समग्र से आधार लिंक कराने के लिए ई केवाईसी कराया जाना अनिवार्य है ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की लाभ प्राप्ति में किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े।

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा समग्र ई केवाईसी कार्यो की हर रोज समीक्षा की जा रही थी। सख्ती के सप्रेक्षित परिणाम परलिक्षित होने लगें। विदिशा जिले में पोर्टल पर अपलोड जानकारी के अनुसार अब तक 61.37 प्रतिशत हितग्राहियों के द्वारा ई केवाईसी कार्यो का संपादन कराया जा चुका है।

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अभियान के तहत क्रियान्वयन कार्यो में और तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि प्रदेश में विदिशा अव्वल हो सके इसके लिए हर रोज लक्ष्य तय किए जा रहे हैं।और उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयासों के क्या परिणाम प्राप्त हो रहे की जानकारी समीक्षा बैठक के माध्यम से जानी जा रही है।

गौरतलब हो कि विदिशा जिले में पंजीकृत समग्र आईडी कि कुल संख्या 17 लाख 70 हजार 116 है। जिसमें से अब तक आन लाइन डाटा के अनुसार 11 लाख 47 हजार 749 के द्वारा ई-केवाईसी का कार्य को पूरा कराया जा चुका है। जो कि वाकई में एक रिकार्ड है।




**नया कीर्तिमान**

विदिशा जिले ने ई केवाईसी कार्यों में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिले में मात्र पिछले 26 दिनों की अवधि में कुल एक लाख 46 हजार 575 व्यक्तियों का ई-केवाईसी कार्य सफलता पूर्वक संपन्न किया गया है। प्रदेश स्तर से जारी सूची अनुसार, विदिशा जिला अभियान अवधि में संख्यात्मक दृष्टि से सर्वाधिक ई-केवाईसी करने वाला जिला बना है। हालाँकि प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त होने के बावजूद, कुल संख्या के आधार पर विदिशा ने अन्य सभी जिलों को पीछे छोड़ते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।यह उपलब्धि जिले के क्षेत्रीय अमले एवं नागरिकों के सक्रिय सहयोग और जागरूकता का प्रतिफल है। ई-केवाईसी अभियान को सुचारु और प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की गई तथा समय-समय पर जागरूकता गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि हेतु समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की सकारात्मक उपलब्धियाँ विदिशा जिले को विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी।ई-केवाईसी के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता से मिल सकेगा और डिजिटल पहचान को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।यह अभियान लगातार जारी है द्य तथा आगामी समय में शासन की योजनाओं का लाभ लिए जाने समग्र ई केवाईसी अनिवार्य होगी अतः सभी नागरिक अपना ई केवाईसी अनिवार्य रूप से कराएं द्यवर्तमान में सभी सचिव, जीआरएस तथा नगरीय क्षेत्रो में वार्ड प्रभारी भी घर घर जाकर ई केवाईसी का कार्य कर रहे है ।

**लाभ**

ई केवाईसी से नागरिको को होने वाले लाभ मुख्य रूप से योजनाओं का सरलीकरण शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी।

डुप्लिकेसी से मुक्ति ई केवाईसी होने पर आधार समग्र से लिंक हो जाएगा, जिससे समग्र की डुप्लिकेसी खत्म होगी। सक्रिय बैंक खाते में सीधे भुगतान-शासन द्वारा संचालित योजनाओं में आधार के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया (डीबीटी) अपनाई जाती है, जिससे भुगतान की राशि सीधे हितग्राही के खाते में पहुंच जाती है। आवेदन की सरलता-एक बार जानकारी सत्यापित होने पर, बार-बार जानकारी सत्यापित करने की आवश्यक्ता नहीं पड़ेगी आपकी आवेदन प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाता है, पेपरवर्क से छुटकारा देता है। समग्र पोर्टल के माध्यम से ऐसे करें ई केवाईसी कार्य शीघ्र पूरा करें। समग्र पोर्टल के माध्यम से ई केवाईसी करने हेतु samagra.gov.in पर जाएं और अपनी समग्र आई. डी. प्रविष्ट करें। अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर ओ.टी.पी. से सत्यापन करेंअपना आधार नंबर दर्ज करें तथा आधार से प्राप्त ओटीपी की प्रविष्टि कर अपने आधार को सत्यापित करें। आधार में दर्ज आपका नाम, जन्मतिथि और लिंग का समग्र डाटा से मिलान होने पर आपका आधार ई केवाईसी सफलतापूर्वक हो जाएगा। मिलान नहीं होने की स्थिति में आधार ई केवाईसी का अनुरोध ग्राम पंचायत,वार्ड को अनुमोदन के लिए प्रेषित हो जाएगा।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना तहत अक्षय तृतीया पर सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रमों का आयोजन




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत विदिशा जिले में भी 30 अप्रैल अक्षय तृतीया पर सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने अक्षय तृतीया पर संपन्न होने वाले सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रमों पर सतत निगरानी व मानिटरिंग करने के निर्देश पहले ही प्रसारित किए गए हैं। उन्होंने विवाह में शामिल होने वाले युवा व युवतियों की आयु सीमा का परीक्षण बारीकी से करने के निरीक्षण दिए है।

सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक व जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन ने बताया कि शनिवार तक जिले में 1519 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं जबकि ऑनलाइन दर्ज आवेदनों की संख्या 903 है। अक्षय तृतीया पर आयोजित सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम हेतु जनपद व निकायवार प्राप्त आवेदनो की जानकारी इस प्रकार से है। विदिशा जनपद पंचायत में प्राप्त आवेदन व ऑन लाइन आवेदन 107 है नगरपालिका विदिशा में 58, जनपद पंचायत ग्यारसपुर में 165, बासौदा में 188 आवेदन प्राप्त हुए है जबकि ऑन लाइन 65 है। नगरपालिका गंजबासौदा में आवेदन प्राप्त 40 और ऑन लाइन 15, जनपद पंचायत नटेरन के डंगरवाडा में आयोजित सामूहिक विवाह के लिए 150 आवेदन दर्ज हुए है वहीं नटेरन के गौरखेडी हेतु 67, जनपद पंचायत कुरवाई में 114 नगर परिषद कुरवाई में 20 आवेदन व ऑन लाइन 17, जनपद पंचायत सिरोंज में आवेदनो की प्राप्ति संख्या 284 व ऑन लाइन 20, नगरपालिका सिरोंज में 79 आवेदन प्राप्त हुए हैं जनपद पंचायत लटेरी में 222 आवेदन व ऑन लाइन 100, नगर पंचायत लटेरी में 25 आवेदन व ऑन लाइन दाखिल हुए है।

इस प्रकार जिले में प्राप्त आवेदनो की संख्या 1519 व ऑन लाइन दर्ज हुए आवेदनो की संख्या 903 है। अक्षय तृतीय 30 अप्रैल को जिले के 13 स्थलो पर शासकीय तौर पर सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रमो का आयोजन एक साथ किया गया है।

# अक्षय तृतीया को लेकर बाजार हुआ गुलजार, पैर रखने की नहीं जगह

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

30 अप्रैल को अक्षय-तृतीया का त्यौहार मनाया जाएगा इस दिन बड़ी संख्या में विवाह भी संपन्न होंगे विशेष नक्षत्र होते हैं । इसके चलते दो दिन पहले रविवार को भी भारी खरीदारी करने के लिए ग्राहकों की भीड़ मुख्य बाजार नजर आ रही थी दो पहिया वाहन निकलना तो दूर की बात थी पैदल चलना मुश्किल हो रहा था । वहीं पुलिस चौकी के सामने मौजूद एक पुलिसकर्मी जाम को खुलवाने में लगाया था एक पुलिसकर्मी कारण व्यव

स्था नहीं बन पा रही थी वाहन चालक बड़ी मुश्किल से निकल रहे थे। पैदल चलाने वाले राहगीरों को भी परेशानी हो रही थी । इसकी जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार



अधिकारियों ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि को कई बार व्यापारी इस समस्या के संबंध में आवेदन, ज्ञापन भी इनको चुके हैं। इसके बाद भी इस समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए धरातल पर कार्य नहीं हो रहे हैं।

### मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की मासिक बैठक में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर संघ आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपेगा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त मध्यप्रदेश शिक्षक संघ 1970 से लगातार राष्ट्र हित, शिक्षा हित, छात्र हित, शिक्षक हित में काम करते आ रहा है।


राष्ट्र हित की भावना को सर्वोपरि रखते हुए शिक्षा हित छात्र हित ओर उसके बाद शिक्षक हित की बात करने वाले इस संघ की इकाईयां प्रांतीय स्तर से लेकर बिकाशखंड एवं तहसील स्तर तक गठित है जो पूर्ण रूप से सक्रिय होकर अपने नियत दायित्व का निर्वाहन कर रही है, इसी कड़ी में तेंदूखेड़ा इकाई की मासिक बैठक का आयोजन शाशकीय माध्यमिक



बालक शाला में 27 अप्रैल 25 को किया गया जिसमें शिक्षकों की बिभिन्न समस्याओ पर चर्चा की गई जिनमे मुख्य रूप से बिश्रामअवकाश के दौरान कार्य करने वाले सभी शिक्षकों को अर्जित अवकाश का लाभ मिलना, मिसिंग एनपीएस, क्रमोन्नति एवं डीए का एरियर भुगतान, प्रतिमाह परामर्शदात्री समिति की बैठक के आयोजन किये जाने आदि के सम्बन्ध मे चर्चा कर ज्ञापन देने हेतु समिति बनी।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा दिनांक 29 अप्रैल 2025 को शाम 4 बजे अपनी मांगो को लेकर बिकाशखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा जिसमे अधिक से अधिक संख्या में शिक्षक साथियो से सम्मलित होने की अपील की गई।बैठक में मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष अशोक साहू,ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र बागवार,संरक्षक एन एस राजपूत, तेजीसिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष दौलत सिंह ठाकुर, जिला उपसचिव मुंशी सिंह ठाकुर, ब्लॉक उपाध्यक्ष स्वदेश नेमा, सतीश खरे, भारत साहू, शैलेन्द्र यादव, बलराम साहू, अमित भारतद्वाज, दिलीप दुबेदी, सीताराम गोंड,जालम सिंह सहित समस्त सदस्यो की उपस्थिति रही।

## केयर मेडिकल में लगी भीषण आग, जलकर समान हुआ राख



**सिरोंज।** पुराने बस स्टैंड पर स्थित मालवा फोटोकॉपी के पास केयर मेडिकल मैं अचानक भीषण आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे मेडिकल से आज की बड़ी-बड़ी लपटे निकलने लगी और दुकान में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने मुश्किल से आग पर काबू पाया आग की लपटें इतनी तेज थी कि लोगों का वहां पर खड़ा होना दुश्वार हो रहा था। फायर ब्रिगेड आने में अगर कुछ और देर हो जाती तो आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लेती।

## महायज्ञ को लेकर देवपुर में हुई बैठक, बनाई रणनीति

**सिरोंज।** रविवार को देवपुर धाम में होने वाले महायज्ञ व्यवस्थाओं को लेकर कुशवाहा समाज की बैठक संपन्न हुई । इसमें महायज्ञ की तैयारीयां के संबंध में समाज जनों ने अपने अपने सुझाव दिए यज्ञ में होने वाली व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई अलग-अलग जिम्मेदारियां भी समाजजनों को सोप गई। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह ने बताया कि 6 मई को होने वाले महायज्ञ में 108 वेदि रहेगी जिसमें रासलीला भी होगी उन्होंने अयोजन में सभी हिंदु समाज से अनुरोध है की अधिक से अधिक संख्या में पधार कर महायज्ञ का धर्म लाभ ले। बैठक में महंत बल बिहारी आयोजन के संबंध में अपने विचार रखें। इस दौरान बुंदेल सिंह कुशवाह, लव कुश , अध्यक्ष घनश्याम कुशवाह, , मोहन सिंह कुशवाह, पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष मुंशी लाल कुशवाह,सीताराम कुशवाह, मुंशी लाल कुशवाह , छोटे राम कुशवाह, मंशाराम कुशवाहा, वीर सिंह , कमर सिंह, प्रभु सिंह, गणपत सिंह, मुकेश कुशवाहा आदि ।



## मौसम ने अचानक बदली करवट हवाओं के साथ बारिश



**सिरोंज।** रविवार को अचानक मौसम में परिवर्तन देखने को मिला दोपहर के बाद आसमान पर काली घटाओं ने डेरा जमा लिया था इसके बाद धूल भरी आंधी का दौर प्रारंभ साथ ही हल्की बारिश भी हुई इसके चलते जहां थोड़ी देर के लिए मौसम में ठंडक गुली गई। इसके बाद लोगों में गर्मी के कारण बैचैनी देखने को मिली इस महीने में गर्मी पड़ती है पर बारिश के नजारे देखने को मिलना है इसके कारण किसानों की जरूर चिंता बढ़ गई है इस समय समर्थनमूल्य पर बड़ी संख्या में उपज खुले आसमान के नीचे रखी ही है उसको बचाने के लिए इन्हें काफी जतन करने पड़े।

**मेट्रो एंकर** अक्षय तृतीया पर संभावित बाल विवाह में शामिल, बाराती, गार्डन मलिक, कैटर्स, पंडित तथा प्रिंटर के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए दल गठित करने कलेक्टर ने किए आदेश जारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अक्षय तृतीया के अवसर पर पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में होने वाले संभावित बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 13(4) एवं (5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला व विकासखंड स्तर पर ग्राम, वार्ड और पंचायत स्तरीय समितियों व दलों का गठन करने का आदेश जारी कर दिया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि गठित समितियों द्वारा यदि उनके क्षेत्राधिकार में बाल विवाह का प्रकरण पाया जाता है तो बाल विवाह करने वाले, बाल विवाह को प्रोत्साहित करने वाले जैसे बाल विवाह में सम्मिलित बाराती, विवाह स्थल गार्डन मलिक, खाना पकाने वाले रसोईया, कैटर्स, पंडित तथा पत्रिका छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस मलिक के विरुद्ध भी बाल विवाह प्रतिशत अधिनियम 2006 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा सामूहिक विवाह आयोजन की अनुमति इस शर्त पर जारी की जाएगी कि उक्त आयोजन में वर की आयु 21 वर्ष एवं वधू की आयु 18 वर्ष से कम ना हो। वर एवं



वधू की सूची मय छायाचित्रों एवं आयु प्रमाण पत्र ना होने की स्थिति में विवाह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, कैटर्स, धर्मगुरु, बैंड वाला, ट्रांसपोर्ट एवं समाज के मुखिया से अनुरोध किया जाए की वर एवं वधू की उम्र संबंधी प्रमाण पत्र प्राप्त कर परीक्षण उपरांत ही विवाह में सेवाएं प्रदान करें एवं सेवा प्रदाताओं की बैठक आयोजित की जाए।

सूचना तंत्र में शिक्षक, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की सदस्य, शौर्या दल अध्यक्ष, सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मातृ सहयोगिनी समिति, सरपंच, पंच, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम वार्ड के सक्रिय नागरिक आदि हो सकते हैं। सूचना तंत्र ग्राम वार्ड में हो रहे विवाहों की जानकारी रखेंगे तथा बाल विवाह होने पर कंट्रोल रूम बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अनुभागीय अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को तत्काल सूचित करेंगे।

जिला स्तर पर ब्लॉक परियोजना स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया जाए। कंट्रोल रूम में उपयोग में लाए जा रहे दूरभाष नंबर का प्रचार-प्रसार किया जाए कंट्रोल रूम में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल संबंधित क्षेत्र के बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को सूचित किया जाए।

**प्रचार-प्रसार**

पुलिस थाना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नं. 181, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी का दूरभाष नंबर, जिला एवं परियोजना स्तर पर गठित कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप, दीवार लेखन व अन्य के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए।

### कोहली-रोहित पीछे छूटे, गेल ने 2653 गेंद और डिविलियर्स ने 2658 गेंदों पर आईपीएल में 4000 रन किए थे पूरे

# आईपीएल में सबसे तेजी से 4000 रन पूरे करने वाले भारतीय बने सूर्यकुमार यादव

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सूर्यकुमार आईपीएल इतिहास में सबसे तेजी से 4000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि महज 2714 गेंदों पर हासिल की। सूर्यकुमार इस आईपीएल सीजन शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और लगातार अच्छी पारियां खेल रहे हैं।

**ओवरऑल तीसरे स्थान पर सूर्यकुमार**

सूर्यकुमार ओवरऑल तीसरे स्थान पर हैं जिसने सबसे तेजी से आईपीएल में 4000 रन पूरे किए हैं। उनसे आगे इस मामले में क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स हैं। गेल ने 2653 गेंद और डिविलियर्स ने 2658 गेंदों पर आईपीएल में 4000 रन पूरे किए थे। इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर सूर्यकुमार आ गए हैं, जबकि चौथे स्थान पर डेविड वॉर्नर और पांचवें पर सुरेश रैना हैं जिन्होंने क्रमशः 2809 और 2881 गेंदों पर यह उपलब्धि अपने नाम की थी।



सूर्यकुमार लखनऊ के खिलाफ मैच से पहले 4000 रन पूरे करने से 33 रन दूर थे और उन्होंने 13वें ओवर में आवेश खान की गेंद पर बाउंड्री लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। सूर्यकुमार अपने करियर का 160वां आईपीएल मैच खेल रहे हैं। इस टूर्नामेंट में उन्होंने दो शतक और 26 अर्धशतक लगाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 146 से अधिक का है। सूर्यकुमार का स्ट्राइक रेट आईपीएल में 4000 रन पूरे करने वाले भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा है। ओवरऑल डिविलियर्स और गेल ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका स्ट्राइक सूर्यकुमार से ज्यादा है।

### मुंबई के लिए पूरे किए 3000 रन

सूर्यकुमार ने इसके साथ ही एक और खास उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में कीरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ दिया है। सूर्यकुमार अब उन चुनिंदा बल्लेबाजों में शामिल हैं जिन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 3000 से ज्यादा रन बनाए हैं। सूर्यकुमार ने इसके साथ ही आईपीएल में 150 छक्के भी पूरे कर लिए हैं। सूर्यकुमार इस सीजन शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वह पिछले सीजन मुंबई के लिए आईपीएल में एक से अधिक शतक लगाने वाले सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बने थे। सूर्यकुमार उन चुनिंदा बल्लेबाजों में हैं जिन्होंने मुंबई के लिए एक आईपीएल सीजन में 600 या इससे अधिक रन बनाए हैं। सूर्यकुमार मुंबई से 2012 में जुड़े थे और फिर 2014 से 2017 तक कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेले। मुंबई ने सूर्यकुमार को 2018 में दोबारा टीम से जोड़ा था।

### आईपीएल में आज आरआर बनाम जीटी: सीजन में दूसरी बार होगा सामना

# होमग्राउंड पर गुजरात के खिलाफ अब तक कभी नहीं जीती राजस्थान

**पिछले मैच में गुजरात ने अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान को 58 रन से हराया था**

**जयपुर, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में आज राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच मुकाबला होगा। सीजन का 47वां मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमों का सीजन में दूसरी बार सामना होगा। पिछले मैच में गुजरात ने अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान को 58 रन से हराया था। 2022 की चैंपियन गुजरात के 8 में से 6 जीत और 2 हार के साथ 12 पॉइंट्स हैं। 2008 की विजेता राजस्थान ने 18वें सीजन में अब तक 9 में से केवल 2 मैच जीते और 7 हारे हैं।

#### हेड टु हेड में गुजरात आगे

आईपीएल में दोनों टीमों के बीच अब तक 7 मैच खेले गए। इनमें गुजरात ने 6 और राजस्थान ने 1 मैच जीता। जयपुर में दोनों के बीच 2 मैच खेले गए, जिसमें दोनों में गुजरात को जीत मिली।

#### हसरंगा राजस्थान के टॉप विकेट टेकर

राजस्थान के लिए इस सीजन यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 9 मैचों में 300 से ज्यादा रन बनाए हैं। दूसरे नंबर पर ध्रुव जुरेल हैं। जुरेल ने 9 मैचों में 238 रन बनाए। बॉलिंग में वनिंदू हसरंगा ने 7 मुकाबलों में 10 विकेट झटके हैं। हसरंगा टीम के टॉप विकेट टेकर हैं।




#### साई सुदर्शन गुजरात के टॉप स्कोरर

गुजरात इस सीजन शानदार फॉर्म में है। टीम के साई सुदर्शन टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 8 मैचों में 417 रन बनाए हैं। टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने 8 मैचों में 16 विकेट लिए हैं। टीम को उनसे आज भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**पिच रिपोर्ट|** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच बैटर और बॉलर्स दोनों के लिए मददगार साबित होती है। इस स्टेडियम में अब तक आईपीएल के 59 मैच खेले गए। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 21 और बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 38 मैच जीते। इस स्टेडियम का हाईएस्ट टीम स्कोर 217/6 है, जो 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बनाया था।

#### वेदर कंडीशन

जयपुर में मैच वाले दिन मौसम साफ रहेगा। सोमवार को यहां का टेम्परेचर 27 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। बारिश की बिल्कुल संभावना नहीं है। हवा की रफ्तार 13 किमी प्रति घंटा रहेगी।

#### पॉसिबल-12

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभम दुबे, नीतीश राणा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, वनिंदू हसरंगा, जोफ्रा आर्चर, फजलहक फारूकी, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, वैभव सूर्यवंशी।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर, शेरफन रदरफोर्ड, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, वॉशिंगटन सुंदर, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा।

### दोनों दिग्गजों में हुई तीखी नोकझोंक

# मैदान पर केएल राहुल से भिड़ गए विराट कोहली



**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रविवार को आरसीबी और दिल्ली के बीच खेले गए मैच में एक बड़ा विवाद सामने आया है। भारतीय क्रिकेट टीम के दो दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और केएल राहुल के बीच मैदान पर तीखी बहस देखने को मिली है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दोनों खिलाड़ियों के बीच की गर्मागर्मी ने सभी को चौंका दिया, क्योंकि दोनों को भारतीय टीम और आईपीएल में अक्सर एक-दूसरे के प्रति सम्मान दिखाते हुए देखा गया था।

जानकारी के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब विराट कोहली ने केएल राहुल के एक रन लेने के तरीके पर नाराजगी जताई। इसके बाद कोहली विकेटों के पीछे गए और केएल राहुल से बहस करते दिखे। वीडियो वायरल होने के बाद यूजर्स इसपर खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हालांकि, मैच के पहले दोनों खिलाड़ियों को गले मिलते देखा गया था। लेकिन गनीमत ये रही की मैच के बाद दोनों खिलाड़ियों को हंसते-हंसते बात करते देखा गया। बता दें कि इस मैच में आरसीबी ने 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में आरसीबी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। पहले बैटिंग करते हुए दिल्ली की टीम ने 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए थे। इसके जवाब में उतरी आरसीबी ने 19वें ओवर में क्रुणाल पंड्या और विराट कोहली की फिफ्टी के दम पर इसे चेज कर लिया।

#### अंकतालिका के टॉप पर पहुंची आरसीबी


इस जीत के साथ ही आरसीबी अब अंकतालिका के टॉप पर पहुंच गई है। 10 मैच में आरसीबी ने 7 जीत हासिल की है और 14 अंक हैं। जबकि गुजरात के 8 में से 6 जीत के साथ 12 अंक है। वहीं, दिल्ली अब चौथे पायदान पर खिसक गई है। 9 में से उसकी 6 जीत है और 12 अंक हैं। लेकिन रन रेट के मामले में मुंबई उससे आगे है।

### लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत पर चला बीसीसीआई का चाबुक

# धीमी ओवर गति के कारण लगा जुर्माना; टीम को भी मिली सजा

**मुंबई, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को धीमी ओवर गति के कारण 24 लाख रुपये का जुर्माना ठोक दिया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े में खेले गए मैच में उनकी टीम को 54 रनों से करारी शिकस्त मिली थी। इसके बाद लखनऊ का नेट रन रेट -0.325 हो गया और टीम 10 अंकों के साथ छठे पायदान पर है।



**पंत के अलावा टीम पर भी लगा जुर्माना–** आईपीएल ने पंत पर की गई कार्रवाई की जानकारी देते हुए बयान जारी किया। इसमें बताया गया कि स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज पर दूसरी बार धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना ठोका गया है। वहीं, उनकी टीम को छह लाख रुपये या मैच फीस का 25 प्रतिशत देना होगा। आईपीएल ने कहा- चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए पंत पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर या तो छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया जाएगा।

### विमेंस ट्राई सीरीज- भारत ने श्रीलंका को हराया

# 9 विकेट से जीता पहला वनडे, स्नेह राणा को 3 विकेट, प्रतिका ने जड़ा अर्ध शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

श्रीलंका में विमेंस वनडे ट्राई सीरीज का पहला मैच भारत ने जीत लिया। टीम इंडिया ने होम टीम को 9 विकेट से हराया। बारिश के कारण 39-39 ओवर के हुए मैच में श्रीलंका ने 147 रन बनाए। भारत ने 29.4 ओवर में 1 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से बॉलिंग में स्नेह राणा ने 3 विकेट लिए। दीप्ति शर्मा और एन चरणी को 2-2 विकेट मिले। बैटिंग में प्रतिका रावल ने 50 रन बनाए, वे प्लेयर ऑफ द मैच भी रहीं। स्मृति मंधाना ने 43 और हरलीन देओल ने 48 रन बनाए। श्रीलंका से इकलौता विकेट इनोका रणवीरा ने लिया।

**23 रन पर ही गिर गया था श्रीलंका का पहला विकेट–** श्रीलंका का पहला विकेट 23 रन के स्कोर पर ही गिर गया। कप्तान चमारी अथापथु 18 गेंद का सामना कर 7 बना कर आउट हो गई। दूसरे विकेट के लिए हासिनी परेरा और हर्षिता समरविक्रमा के बीच 38 गेंदों पर 31 रन की पार्टनरशिप हुई। वहीं उसके बाद आठवें विकेट के लिए अनुष्का संजीवनी और अचिनी कुलसुरिया के बीच 56 गेंदों पर 32 रन की साझेदारी हुई। वहीं स्नेह राणा ने 8 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं, दीप्ति शर्मा ने 2 और डेब्यू कर रही नल्लापुरेड्डी चरणानी ने दो विकेट लिए।



## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

### सोनल चौहान ने की अनुष्का शर्मा की तारीफ, बोलीं-

# उनकी वजह से विराट में आया आध्यात्मिक बदलाव



इमरान हाशमी की फिल्म 'जन्नत' में नजर आईं अभिनेत्री सोनल चौहान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में सोनल चौहान आईपीएल का एक मैच देखने भी पहुंची थीं। अब सोनल चौहान ने अभिनेत्री अनुष्का शर्मा की तारीफ की है। साथ ही उन्होंने अनुष्का और उनके पति भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली की बॉन्डिंग की भी तारीफ की है। सोनल का मानना है कि विराट कोहली के अध्यात्म की तरफ रुझान में अनुष्का का एक बहुत बड़ा रोल है।

बातचीत में सोनल चौहान ने विराट कोहली के आध्यात्मिक सफर और उनके जीवन में अनुष्का शर्मा के सकारात्मक प्रभाव को लेकर बात की। अभिनेत्री से जब पूछा गया कि अगर वो विराट कोहली से अचानक टकरा जाएं तो क्या बात करेंगी। इस पर सोनल चौहान ने कहा, मैं कहूंगी, जय श्रीराम और हर हर महादेव, क्योंकि वह अभी बहुत धार्मिक हो रहे हैं। मैंने उनकी बहुत सी रील देखी हैं, जिसमें वह अपने आध्यात्मिक पक्ष को तलाशते हैं।

#### 'मुझे लगता है वो सही महिला हैं'

अभिनेत्री ने आगे विराट कोहली के आध्यात्मिक सफर और अध्यात्म को लेकर उनके अंदर आए अचानक बदलाव पर बात की। उन्होंने इसका श्रेय विराट की पत्नी अनुष्का को देते हुए कहा, मुझे लगता है कि यह सही महिला है। उनके जीवन में सही महिला निश्चित रूप से उनके आध्यात्मिक पक्ष को सामने ला रही है। जब आप सही लोगों, सकारात्मक लोगों से घिरे होते हैं, तो यह आपके व्यक्तित्व को दर्शाता है। मुझे लगता है कि वह उनके जीवन में एक शांत प्रभाव है।

#### 2017 में हुई विराट-अनुष्का की शादी

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने साल 2017 में शादी की थी। अनुष्का से शादी के बाद विराट के अंदर काफी बदलाव देखा गया। उनका आध्यात्मिक पक्ष और भी बढ़ गया है। कपल को अक्सर वृंदावन के आश्रमों सहित अन्य आध्यात्मिक स्थानों पर जाते और गुरुओं से आशीर्वाद लेते देखा गया है।

# बार्डर से भी आगे निकली जाट !



सनी देओल और रणदीप हुड्डा की हालिया रिलीज जाट को रिलीज हुए 15 दिन गुजर चुके हैं। करीब 100 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म की कमाई देसी बॉक्स ऑफिस पर अभी तक इस आंकड़े को नहीं छू सकी है। हालांकि, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में यह 100 करोड़ से आगे निकल चुकी है। दूसरे गुरुवार को फिल्म ने कमी के संकेत दिये हैं लेकिन जाट ने अच्छी ओपनिंग के साथ-साथ काफी दिनों तक जादुई आंकड़ा कई दिनों तक बरकरार रखा। हालांकि, धीरे-धीरे अब ये कमाई नीचे जा रही है। सनी देओल की ये फिल्म जहां गदर की कमाई को पार कर चुकी है, वहीं इसने उनकी हिट फिल्म बॉर्डर (1997) को भी पछाड़ दिया है। बता दें कि बॉर्डर ने वर्ल्डवाइड लाइफटाइम 64.98 करोड़ की कमाई की थी। सनी देओल और रणदीप हुड्डा की इस एक्शन फिल्म जाट ने 15वें दिन करीब 93 लाख रुपये की कमाई है। यानी पहली बार ऐसा हुआ है कि ये फिल्म करोड़ के आंकड़े को देसी बॉक्स ऑफिस पर टच नहीं कर पाई। वहीं इसने दो हफ्ते में अब तक कुल मिलाकर 80.36 करोड़ की कमाई कर डाली है।



#### टीसीएस का मार्केट कैप बढ़ा

**नई दिल्ली।** कल की बड़ी खबर टीसीएस से जुड़ी रही। देश की टॉप-10 कंपनियों में से 6 का कंबाइन मार्केट कैपिटलाइजेशन 1.18 लाख करोड़ रुपए बढ़ा है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज यानी TCS को पिछले हफ्ते सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। वहीं विदेशी निवेशकों ने बीते कारोबारी हफ्ते (21-25 अप्रैल) में भारतीय शेयर बाजारों में 17,425 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

## मेट्रो बाजार

# सेंसेक्स में 400 अंक की तेजी, निफ्टी भी पहुंचा 24000 के पार

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 28 अप्रैल को तेजी है। सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा की तेजी के साथ 79,600 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी करीब 100 अंक की तेजी है, ये 24,150 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज बैंकिंग, ऑटो और एनर्जी शेयर्स में तेजी है। वहीं एफएमसीजी और आईटी शेयर्स दबाव में कारोबार कर रहे हैं। एशियाई बाजारों में आज तेजी- जापान का निक्केई 182 अंक (0.51 फीसदी) ऊपर 35,887 पर और कोरिया का कोस्पी 4 अंक (0.15 फीसदी) की तेजी के साथ 2,550 पर कारोबार कर रहा है। चीन का शंघाई कंपोजिट 3,300 पर फ्लैट कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 0.07त्न की तेजी है, ये 21,995 पर कारोबार कर रहा है।



25 अप्रैल को अमेरिका का डाउ जोन्स 20 अंक (0.050फीसदी), नैस्डेक कंपोजिट 216 अंक (1.26 फीसदी) और S&P 500 इंडेक्स 40 अंक (0.74त्न) चढ़कर बंद हुए।

आज से ओपन होगा एथर एनर्जी का आईपीओ इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली भारतीय कंपनी एथर एनर्जी का आईपीओ आज यानी 28 अप्रैल से ओपन होगा। निवेशक इसके लिए 30 अप्रैल तक बोली लगा सकेंगे। इस आईपीओ का इश्यू प्राइस 304-321 प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी इस पब्लिक इश्यू के जरिए 8.18 करोड़ शेयर्स बेचकर ?8,750 करोड़ जुटाना चाहती है।

# शादी के चार महीने बाद नव विवाहिता ने लगाई फांसी

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित वैजनाथ धाम कॉलोनी, लांबाखेड़ा में नव विवाहिता ने शादी के चार महीने बाद ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश रविवार दोपहर कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे पर लटकी मिली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही सास से पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। मायके पक्ष और पति के रायपुर, छत्तीसगढ़ से भोपाल पहुंचने के बाद नव विवाहिता का पीएम कराया जाएगा। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग जांच एसडीओपी



द्वारा की जा रही है। सुबह रोज 10 से 11 बजे उठने की थी आदत, सास करती रही कमरा खुलने का इंतजार पुलिस के अनुसार प्रियंका शर्मा पति सुरेश ठाकुर (32) रायपुर, छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी। उसकी शादी चार महीने पहले प्रेम प्रसंग के बाद सुरेश ठाकुर से हुई थी। प्रियंका का अपना कमरा है और वह प्रतिदिन सुबह 10 से 11 बजे तक सोकर उठती थी। रविवार सुबह 11 बजे सास ज्ञान बाई उसके कमरे के बाहर पहुंची तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। ज्ञान बाई ने आवाज दी, लेकिन अंदर से प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्हें लगा कि बहु अभी सो रही होगी। करीब एक घंटे बाद 12 बजे भी प्रियंका शर्मा का दरवाजा नहीं खुला तो ज्ञानबाई ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो प्रियंका पंखे पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर नजर आई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। साथ में रहते हैं जेठ प्रियंका शर्मा का पति सुरेश रायपुर गया हुआ है। घर में सुरेश के बड़े भाई नरेश और दिनेश ठाकुर थे। गैस त्रासदी के बाद का उनके दिमाग पर असर होने के कारण उनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है। सुरेश के पिता भोपाल में रहते थे।

# गश्त पर निकले एसआई को देर रात बाइक सवार ने मारी टक्कर



**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात बाइक सवार ने संभागीय गश्त कर रहे एसआई को टक्कर मार दी। दरअसल, गश्त में एसआई रामसिंह ने तेज रफ्तार बाइक को देर रात आते हुए देखा था और उसे रोकने का प्रयास किया। बाइक चालक रुका नहीं और उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एसआई रामसिंह सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोट आई है। इसी प्रकार टक्कर मारने वाली बाइक पर सवार तीन युवक भी सड़क पर गिरकर घायल हुए है। उनका भी इलाज चल रहा है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक सवार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अस्पताल में आरोपी पर नजर रखे हुए है। उसके स्वास्थ्य में सुधार होते ही पुलिस ने गिरफ्तारी और पूछताछ करेगी। सिर गाल और कंधे में चोट, हालत नाजुक, निजी अस्पताल के आईसीयू में चल रहा इलाज पुलिस के अनुसार एसआई रामसिंह, निशातपुरा थाने में पदस्थ हैं। उनकी शनिवार रात संभागीय गश्त थी। वे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास खड़े थे। इस दौरान देवकी नगर की तरफ से एक तेज रफ्तार बाइक आती हुई नजर आई। बाइक पर तीन लोग बैठे हुए थे। उन्होंने साइड में खड़े होकर बाइक वाले को रुकने का इशारा किया, लेकिन बाइक वाला रुका नहीं और अपनी रफ्तार बढ़ा ली। रफ्तार बढ़ाने के साथ बाइक चालक ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही एसआई रामसिंह सड़क पर गिर गए, जबकि बाइक वाला भी अनियंत्रित होकर गिर गया। साथ मौजूद पुलिसकर्मी एसआई रामसिंह को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां उनका इलाज चल रहा है। बाइक पर नहीं है नंबर प्लेट एसआई एमडी अहिरवार ने बताया कि एसआई रामसिंह को टक्कर मारने वाली बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी। टक्कर मारने वाले आरोपी की पहचान अमन कुरैशी के रूप में की गई है। उसे भी चोट आई है और उसका इलाज चल रहा है। एसआई रामसिंह को सिर में गंभीर चोट है। हादसे के बाद से ही बेसुध थे। रविवार शाम को उन्हें होश आया और थोड़ी बातचीत की। उनके सिर में अंदरुनी चोट होने के कारण डॉक्टर ने उनकी हालत नाजुक बताई है। इसके अलावा गाल और सिर में भी चोट है।

### छात्राओं से यौन उत्पीड़न मामला

# सीरियल रेपिस्ट फरहान ने पिता व भाई का सिर कलम करने की धमकी दी

**शिकायत करने की धमकी देने पर रेपिस्ट कहता था पुलिस कुछ नहीं बिगाड़ सकती, काट लूंगा फरारी**

**पन्ना से गिरफ्तार साहिल को लिया रिमांड पर, आरोपियों के मोबाइल की सीडीआर और डेटा रिकवर कर रही पुलिस**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छात्राओं को प्रेम जाल में फंसाकर उनका यौन उत्पीड़न करने वाले सीरियर रेपिस्ट फरहान की हैवानियत की कहानी सुनकर हैरान करने वाली है। आरोपी फरहान मैकेनिक का बेटा है, लेकिन उसका रहन सहन किसी लैंड लॉर्ड से कम नहीं था। आरोपी हिंदू युवतियों को प्रेम जाल में फंसाकर उन्हें धर्म परिवर्तन करने पर लगातार दबाव बना रहा था। यदि कोई युवती उसे शिकायत करने की धमकी देती तो वह कहता था कि पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकेंगी। यदि प्रकरण दर्ज भी हुआ तो फरारी काट लूंगा। मेरी जमानत कराने वाले बहुत लोग हैं। उसके डर के कारण युवती ने भोपाल छोड़ दिया था। आरोपी उसका पीछा करते हुए इंदौर पहुंचा। वहां युवती को धमकाते हुए उसने कहा था कि पिता और भाई का सिर कलम कर दूंगा। डरी सहमी युवती भंवरकुआ पुलिस थाने पहुंची थी, लेकिन वहां महिला अधिकारी नहीं मिली और उसे बाद में आने का कहा गया। लिहाजा उसने बागसेवनिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। इस्लामिक संगठन से जुड़े होने की आशंका मामला संवेदनशील होने के कारण पुलिस केवल जांच का ही हवाला दे रही है और प्रकरण में कुछ भी कहने से बच रही है। उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली पहली युवती ने आशंका जताई है कि फरहान कट्टरपंथी इस्लामी संगठन पीएफआई से जुड़ा है। वह अक्सर पीएफआई की तारीफ करता था। पुलिस उसे पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। उससे ठीक से पूछताछ नहीं की गई। जब अन्य युवतियों और नाबालिग उसकी शिकायत लेकर पहुंची तो पुलिस के भी होश उड़ गए। उल्लेखनीय है कि आरोपी तीन पीड़िताओं से दुष्कर्म कर चुका है। उसके निशाने पर हिंदू छात्राएं और बाहर से आने वाली छात्राएं होती थी। आरोपी यौन उत्पीड़न के बाद अपने समुदाय के युवकों के पास पीड़िताओं को भेजकर उन पर संबंध बनाने का दबाव बनाता था। वह कहता था कि यदि बात नहीं मानी तो उनके अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनमा कर देंगा। पुलिस ने उसके मोबाइल छात्राओं के अश्लील वीडियो भी देखे हैं। जिन्हें सहजकर रखा गया है ताकि कोर्ट में चालान के साथ वीडियो सबूत बतौर सौंपे जाए। आरोपी साहिल रिमांड पर परिजन ने हाथ खीचा पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी साहिल को गिरफ्तार किया था। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। उसकी निशानदेही पर पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण कर रही है। साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों को लेकर पूछताछ कर रही है। गिरोह के यौन शोषण की शिकार एक पीड़िता के पिता ने बदनामी के डर से शिकायत करने से मना कर दिया। हालांकि युवती की काउंसलिंग कराई जा रही है। माफी मांगने के बहाने इंदौर पहुंचा था फरहान पीड़िता ने बताया कि फरहान का उद्देश्य यौन उत्पीड़न तक ही नहीं था। उसका उद्देश्य हिंदू युवतियों को जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन कराना था। वह कुछ दिन ठीक से रहता था फिर शादी का प्रलोभन देकर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने लगता था।


## ब्यूटीशियन का कोर्स कर रही नाबालिग से शादीशुदा ने किया दुष्कर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** ऐशबाग पुलिस ने साढ़े 17 साल की नाबालिग की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म व दैहिक शोषण की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता का दैहिक शोषण किया। दो दिन पहले शादी का दबाव बनाने पर आरोपी अपने वादे से मुकर गया। उसने कहा कि वह पहले से शादीशुदा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 17 साल पांच माह की नाबालिग लडकी पढ़ाई छोडकर ब्यूटीशियन का कोर्स कर रही है। करीब चार माह पूर्व सहेली के घर पर नाबालिग की मुलाकात सोहेल खान नामक युवक से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। जनवरी 2025 में आरोपी सोहेल खान ने बाग दिलकुशा स्थित सहेली के घर पर नाबालिग के साथ जबरन संबंध स्थापित किए।

# कमलापति स्टेशन परिसर में शराबियों ने गाड़ी में घुसकर हेड कांस्टेबल को पीटा, वर्दी फाड़ी

**देर रात बंसल वन में संचालित रेस्टोरेंट सहित दुकानें बंद कराने पहुंची थी जीआरपी**

**शराबियों और नशेड़ियों का अड्डा बना रानी कमलापति स्टेशन, वीकेंड पर खुले में करते है युवा नशा**




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी का रानी कमला पति स्टेशन पुलिस और जीआरपी के लिए सिरदर्द बन गया है। यहां बंसल वन में संचालित होने वाला पब, रेस्टोरेंट और दुकानों में अक्सर विवाद हो रहे हैं। सूचना पर जीआरपी पहुंचती है तो विवाद की स्थिति बन जाती है और नशे में जीआरपी के कर्मचारियों के साथ मारपीट, झूमाझटकी होना आम बात हो गई है। शनिवार देर रात भी ऐसा ही कुछ हुआ। जीआरपी की टीम बंसल वन में दुकानें बंद कराने पहुंची थी, तभी युवकों ने जीआरपी की जीप में घुसकर एक हेड कांस्टेबल की पिटाई कर दी। मारपीट में हेड कांस्टेबल की वर्दी फट गई। आरोपियों ने धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है।

जीआरपी के अनुसार, शनिवार रात करीब 2 बजे बंसल वन की दुकानें और रेस्टोरेंट्स बंद कराने पहुंची थी। इसी दौरान कुछ युवक कार में बैठकर शराब पीते हुए नजर आए। जीआरपी में पदस्थ हेड कांस्टेबल नजर दौलत खान ने उन्हें स्टेशन परिसर में शराब पीने से मना किया। इस पर वह भड़क गए। आरोपियों ने गालीगलौज की। नजर दौलत ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने गाड़ी में घुसकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। साथी हेड कांस्टेबल के साथ मारपीट होती देख हेड कांस्टेबल संदीप और कमल रघुवंशी उसे बचाने का प्रयास करने लगे। इस पर आरोपी कहने लगे कि तुम हिंदू भाई हो, हट जाओ। तभी एक अन्य आरोपी ने कहा, सब कहते हैं कि हिंदू भाई समझदार हैं, लेकिन ये (दौलत खान) लोगों को समझा रहा है।

## चलती स्कूटर पर अश्लील हरकत, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**भोपाल।** राजधानी की सड़कों पर अभी तक स्टंट के वीडियो सामने आ रहे थे, लेकिन अब चलती स्कूटर पर अश्लील वीडियो सामने आया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो बैरागढ़ सड़क का होने की आशंका है। वीडियो में एक युवक स्कूटर चलाते हुए नजर आ रहा है, जबकि बीच में एक युवक और पीछे युवती बैठी हुई है। बीच में बैठा युवक सरेराह युवती से अश्लील हरकत कर रहा है। यह वीडियो पीछे चल रही कार के चालक ने अपने मोबाइल पर बनाया था। 45 सेकेंड के इस वीडियो में अश्लीलता देखी जा सकती है। बैरागढ़ थाना प्रभारी अशोक गौतम ने बताया कि वायरल वीडियो चिरायु अस्पताल के आगे के क्षेत्र का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, यह वीडियो कब का है इसकी पुष्टि अभी नहीं हो सकी है।



# पत्नी से कहासुनी के बाद पति ने पीया जहर, मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित न्यू चौकसे नगर में आटो चालक ने जहरीला पदार्थ पी लिया। पत्नी उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां इलाज के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मरने से पूर्व आटो चालक के बयान नहीं हो सके थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पति पत्नी में आए दिन होने वाले विवाद के बाद उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार रघुवीर सिंह कुशवाह पिता मुंशीलाल (42) न्यू चौकसे नगर ईंटखेड़ी में रहता था और आटो चलाता था। गत 25 अप्रैल शुक्रवार को उसने घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ पी लिया। उल्टियां करने पर पत्नी से निजी अस्पताल लेकर पहुंची, वहां उसका इलाज चल रहा था। शनिवार रात इलाज के दौरान रघुवीर की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास एक्टिवा सवार को बचाने के प्रयास में युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई थी। इस हादसे में युवक उसका भाई और पिता गंभीर रूप से घायल हुए थे। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया ले गया गया, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। उसके पिता और भाई की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार रघुवीर सिंह पुत्र ज्ञान सिंह (36) अरवलिया में रहता था और मिस्त्री था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगलवार को अरवलिया से बैरसिया जाने के लिए निकले थे।

**मेट्रो एंकर** गांधी नगर स्थित एयरपोर्ट रोड पर पांच तलवार से केक काटकर मनाया था बर्थ-डे, अन्य साथियों की तलाश जारी

# बोनट पर तलवार से केक काटने वाले जुड़वा भाई गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गांधी नगर पुलिस ने एयरपोर्ट ब्रिज के पास कार की बोनट पर केक रखकर तलवार से काटने वाले दो जुड़वा भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से तलवार और कार जब्त की गई है। प्रकरण में उनके पांच अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो को देख पुलिस हरकत में आई थी और आरोपियों की तलाश की। वीडियो के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर तलवार व आई-20 कार जब्त की गई है। दोनों आरोपी जुड़वा भाई हैं और 20 अप्रैल को अपना जन्मदिन मनाने दोस्तों के साथ एयरपोर्ट ब्रिज पर पहुंचे थे।



पुलिस ने बताया कि 22-23 अप्रैल की दरमियानी रात सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में छह-सात युवक एयरपोर्ट रोड पर कार खड़ी कर तलवार से केक काटकर आतिशबाजी करते दिखाई दिए। वीडियो वायरल होने पर पुलिस के आला अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए गांधी नगर पुलिस को मामले में कार्रवाई करने के आदेश दिए। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि वीडियो 20 अप्रैल की रात करीब सवा 12 बजे का है। एयरपोर्ट ब्रिज पर अलग-अलग कारों में सवार होकर आए लडकों ने अपनी गाड़ियों रोड किनारे खड़ी कर एक कार की बोनट पर 11 केक रखकर तलवार से काटे थे। युवकों ने कार पर आतिशबाजी भी की थी। इस घटना से एक तो यातायात प्रभावित हुआ था और आने जाने

## रंजिश में युवक का अपहरण, बंधक बनाकर मारपीट

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर करोंद में आधा दर्जन युवकों ने एक युवक का अपहरण कर लिया और अपने कमरे पर ले जाकर जमकर मारपीट की। करीब एक घंटे तक मारपीट करने के बाद आरोपियों ने युवक को छोड़ दिया। आरोपियों के चंगुल से मुक्त होने के बाद फरियादी थाने पहुंचा और आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस के मुताबिक शिव नगर करोंद निवासी अभिषेक कुशवाह (23) प्राइवेट काम करता है। शनिवार रात करीब दस बजे किसी काम से वह घर से बाहर निकला था। घर से कुछ दूरी पर ही मोहल्ले में रहने वाले दीपक जाट, रवि जाट, मंगू जाट, बिट्टू मीना, महेश व गजराज से उसका आमना-सामना हो गया।

# हनुमानगंज पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर वाहन चोर, कार बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हनुमानगंज पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच लाख रुपये कीमत की स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। आरोपी ने कबाडख़ाना इलाके से उक्त कार चोरी की थी। पकड़े गए आरोपी से वाहन चोरी की अन्य घटनाओं को लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार मो. अनीस (42) पुतलीघर चौराहा थाना टीला जमालपुरा में रहते हैं और आटो डील्स का काम करते हैं। उनकी दुकान कबाडख़ाना स्थित अमीन वाटर सप्लायर्स के पास है, जहां दुकान के सामने उनकी गाडिय़ां खड़ी रहती हैं। बीती इक्कीस अप्रैल को अनीस ने अपनी स्विफ्ट डिजायर कार दुकान के सामने खड़ी की थी। अगले दिन सुबह करीब दस बजे दुकान पर पहुंचे तो उनकी कार गायब थी। आसपास तलाश करने के बाद भी जब कार का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।



पान मंडी के पास बरामद हुई कार जांच के दौरान पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। रविवार को सूचना मिली कि समानांतर रोड स्थित पानी मंडी के पास मौजूद एक युवक बगैर नंबर प्लेट की स्विफ्ट डिजायर कार सस्ते दामों पर बेचने का प्रयास कर रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम समीर खान (20) निवासी जीवाजीगंज उज्जैन हाल निवासी रंभा नगर थाना गौतम नगर बताया। पुलिस ने जब कार को लेकर पूछताछ की तो उसने पिछले दिनों कबाडख़ाना इलाके से चोरी करना स्वीकार कर लिया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022